
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 321 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



नागरिक आदर्शवान और अनुशासित होना चाहिये, हमारा देश निश्चित विकास करेगा।

Our country would Certainly develop it our citizens submit the mselves to idealism and discipline.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से किया सम्मानित

## धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण, हेमा मालिनी ने रिसीव किया

## महिला क्रिकेट की वर्ल्ड चैंपियन हरमनप्रीत को मिला पद्मश्री



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी एक्ट्रेस-सांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया। महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में इसी साल टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था। साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, 65 विजेताओं को अगले फेज में सम्मानित किया जाएगा, जिसकी तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञापन जगत की जानी-मानी हस्ती पीयूष पांडे को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। उनकी पत्नी नीता जोशी ने अवार्ड रिसीव किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञापन जगत की जानी-मानी हस्ती पीयूष पांडे को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। उनकी पत्नी नीता जोशी ने अवार्ड रिसीव किया। के. पजनीवेल को पारंपरिक मार्शल आर्ट के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने जमीन पर लेटकर पीएम मोदी को प्रणाम किया। वरिष्ठ पत्रकार कैलाश चंद्र पंत को 90 वर्ष की उम्र में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार मिला। अरुणाचल प्रदेश के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता तेची गुबिन को समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### बस्तर की जनसेवा को राष्ट्रीय सम्मान :

## गोडबोले दंपत्ति 'पद्म श्री' से अलंकृत



देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल 'पद्म पुरस्कार 2026' के गरिमामयी समारोह में सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में जनजातीय स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. रामचंद्र गोडबोले और श्रीमती सुनीता गोडबोले को संयुक्त रूप से 'पद्म श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया।

चिकित्सा सेवा, कुपोषण उन्मूलन और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए तीन दशकों से अधिक समय से किए जा रहे उनके समर्पित कार्य को राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में इन विभूतियों की उत्कृष्टता, समर्पण और अथक सेवा देश के सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ करती है तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि पद्म पुरस्कार विजेता समाज परिवर्तन के वास्तविक पथ-प्रदर्शक हैं, जिन्होंने अपनी सेवा भावना से 'पीपुल्स पद्म' की अवधारणा को साकार किया है।

मूलत: महाराष्ट्र निवासी डॉ. रामचंद्र गोडबोले, जो आयुर्वेद चिकित्सक (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी-बीएएमएस) हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से की सौजन्य भेंट



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की।

मुलाक़ात के दौरान दोनों नेताओं के बीच जनहित, सुशासन, शहरी विकास, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार तथा राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। दोनों मुख्यमंत्रियों ने देश के विकास में राज्यों की सक्रिय भूमिका और आपसी सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## पेट्रोल-डीजल 7 रूपए महंगा हर महीने 1000 खर्च बढ़ेगा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में पेट्रोल-डीजल की कीमतें पिछले 11 दिन में करीब 7 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ी है। छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में पेट्रोल 109 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। डॉलर के मुकाबले गिरते रुपए और अंतरराष्ट्रीय तनाव का सीधा असर अब आम आदमी पर पड़ रहा है।




फ्यूल के दाम बढ़ते ही ट्रांसपोर्टरों ने माल भाड़ा बढ़ा दिया है। इसका असर राशन और सब्जियों की कीमतों पर भी पड़ रहा है। आने वाले दिनों में चीजें और महंगी हो सकती है। इस महंगाई से आपकी जेब पर सीधे 1000 रुपए तक एक्स्ट्रा लोड बढ़ सकता है। वहीं महिलाओं का कहना है कि बचत करना मुश्किल होगा। डीजल महंगा होने से ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट तेजी से बढ़ी है। व्यापारियों के मुताबिक, आने वाले दिनों में खाने-पीने की चीजें 10 प्रतिशत तक और महंगी हो सकती हैं। कोलकाता से आने वाले माल का किराया 170 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 220-225 रुपए हो गया है। महाराष्ट्र से ढुलाई 300 से बढ़कर 340 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गई है, जबकि मध्यप्रदेश से आने वाले सामान का खर्च भी तेजी से बढ़ा है। अमूल, मदर डेयरी ने दूध के दाम 2 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ा दिए हैं। कंपनियों का कहना है कि चारा, पैकेजिंग और ईंधन की लागत बढ़ने से कीमत बढ़ानी पड़ी। वहीं CNG की कीमत भी 79.09 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। इससे ऑटो और टैक्सी किराए में भी बढ़ोतरी तय मानी जा रही है।

## तमिलनाडु की 4 सीटें खाली, विजय के सामने बड़ी चुनौती



**चेन्नई।** सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कड़गम के लिए अच्छी खबर और चुनौती दोनों एक साथ आई है। मुख्यमंत्री सी. जोसफ विजय की पार्टी में शामिल होने के लिए एआईएडीएमके के तीन विधायकों ने इस्तीफा दे दिया। विधानसभा की चार सीटें खाली हो गई हैं, जिससे छह महीने के अंदर उपचुनाव कराने की अनिवार्यता बन गई है। मदुरांतकम की विधायक मारगथम कुमारावेल, धारापुरम की विधायक सत्यभामा और पेरुंदुरई के विधायक जयकुमार ने विधानसभा स्पीकर जे.सी.डी. प्रभाकर को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

## टोल प्लाजा में गूंजेंगे देशभक्ति गीत और भजन, सीएम योगी का आदेश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बेहद अनोखी और सकारात्मक खबर सामने आ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब सूबे के सभी टोल प्लाजा पर देशभक्ति के गीत और भक्तिमय भजन बजाए जाएंगे। इस नई व्यवस्था को लागू करने के लिए जिला प्रशासनों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं, जिससे आने वाले दिनों में टोल प्लाजा का माहौल पूरी तरह बदला हुआ नजर आएगा। गाजियाबाद के जिलाधिकारी रविंदर मंदार ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से मिले निर्देशों के अनुपालन में इस पहल को जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा।

## रायपुर पुलिस ने आईपीएल ऑनलाइन-सट्टा गिरोह का किया भंडाफोड़



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की रायपुर कमिश्नरेट पुलिस ने आईपपीएल ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोलकाता और हरियाणा तक दबिश दी है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने 72 घंटे तक चले विशेष ऑपरेशन में 5 बड़े पैनल नेटवर्क ध्वस्त करते हुए कुल 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17 लाख 92 हजार 70 रुपए कैश, 59 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप और एक कार जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई गई है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त स्मृतिक राजानाला की मॉनिटरिंग में की गई।

## राजस्थान और हिमाचल में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा, नितिन गडकरी ने दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश




**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की स्थिति की व्यापक समीक्षा की। यह बैठक मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आयोजित की गई। नई दिल्ली में आयोजित बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा परियोजना ठेकेदार मौजूद रहे।

बैठक में राजस्थान के 10,064 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की गुणवत्ता और रखरखाव की स्थिति का आकलन किया गया। मंत्री ने परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और गुणवत्ता मानकों के कड़ाई से पालन पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में 1,947 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को उन्नत प्रौद्योगिकियों और आधुनिक निर्माण पद्धतियों को अपनाने के निर्देश दिए।

## भारत और फ्रांस के बीच ऐतिहासिक डिफेंस डील , आईएएफ को मिलेगा 114 राफेल

- शहबाज-मुनीर बजाता रहा झुनझुना



**नई दिल्ली।** भारत ने मित्र देश फ्रांस से 114 राफेल फाइटर जेट खरीदने की दिशा में निर्णायक कदम उठा लिया है. इसके साथ ही अब इस सौदे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजियों पर फिलहाल विराम लग गया है. भारत ने फ्रांस के साथ 3.25 लाख करोड़ की ऐतिहासिक डिफेंस डील की है. अब इसको लेकर भारत ने लेटर ऑफ रिक्वेस्ट को अंतिम रूप दे दिया है. अब इसे फ्रांस को भेजा जाएगा. भारत ने फाइनली फ्रांस से 114 राफेल फाइटर जेट खरीदने की दिशा में कदम उठा लिया है. इसके साथ ही अब डील को लेकर तमाम तरह की अटकलों पर फिलहाल विराम लग गया है. एयरफोर्स को ताकतवर बनाना आज के समय में भारत के लिए एक अनिवार्य जरूरत है. भारत की सीमा एक तरफ चीन तो दूसरी तरफ पाकिस्तान से लगती है. इन दोनों देशों के साथ भारत का रिश्ता जगजाहिर है, ऐसे में भारत के लिए आवश्यक है कि वह अपने डिफेंस सिस्?टम को मजबूत करने के साथ ही उसे एडवांस भी करे. खासकर एयरफोर्स को ताकतवर बनाना जरूरी है. अब इस दिशा में भारत ने निर्णायक कदम उठाया है. भारत ने इंडियन एयरफोर्स के लिए 114 राफेल फाइटर जेट खरीदने के लिए लेटर ऑफ रिक्वेस्ट फाइनल कर लिया है. ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि अगले कुछ हफ्तों में इसे फ्रांस भेज दिया जाएगा. इस डील के तहत 114 में से 90 फाइटर जेट फ्रांस की एयरोस्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन और एक भारतीय फर्म के बीच पार्टनरशिप के तहत बनाए जाएंगे.

## इबोला वायरस को लेकर छत्तीसगढ़ अलर्ट जारी




**रायपुर (विश्व परिवार)।** दुनियाभर में तेजी से फैल रहे इबोला वायरस को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ ने संक्रमण की रोकथाम को लेकर सभी अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की जांच बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा गया है कि अगर कोई यात्री संदिग्ध नजर आता है तो उसकी जानकारी तुरंत स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाई जाए। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की ओर से जारी निर्देश में रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एयरपोर्ट पर एक नोडल अधिकारी तैनात करने को कहा गया है। यह अधिकारी यात्रियों की स्वास्थ्य जांच और पूरी व्यवस्था की निगरानी करेगा। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को आइसोलेशन वार्ड, रेफरल और इमरजेंसी व्यवस्था तैयार रखने के लिए कहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत मरीजों का इलाज और प्रबंधन किया जा सके।

## पंजाब में ईवीएम नहीं, बैलेट पेपर से ही होंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावों में पर्यवेक्षक नियुक्त करने से भी इनकार कर दिया और कहा कि यह एक गंभीर निषेधाज्ञा है और हम ऐसा नहीं करेंगे। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि चुनाव मतपत्रों के माध्यम से कराए जाने हैं और उन्होंने एडीआर मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि ईवीएम ही मानक प्रणाली होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब राज्य चुनाव आयोग के नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव मतपत्रों के माध्यम से कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

## कश्मीर के गुलमर्ग रोपवे में खराबी, 300 पर्यटकों का रेस्क्यू, 7 घंटे ऑपरेशन चला




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में एशिया के सबसे ऊंचे रोपवे गोंडोला (रोपवे) में सोमवार को तकनीकी खराबी आने से करीब 300 पर्यटक बीच हवा में फंस गए। करीब सात घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

रोपवे के 65 केबिन दोपहर करीब 2 बजे से बीच हवा में रुक गए थे। कुछ केबिन जमीन से करीब 500 फीट की ऊंचाई पर थे। एक केबिन में 6 लोग बैठ सकते हैं। भारी बारिश के बीच SDRF, NDRF, सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया।शाम 8.30 बजे रेस्क्यू खत्म हुआ। भारतीय सेना ने ड्ड पर बताया कि शुरुआती पांच घंटों में 179 पर्यटकों को निकाला गया था। ज्यादातर लोगों को रस्सियों और सीढ़ियों के सहारे नीचे उतारा गया। इनमें कई महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी थे। गुलमर्ग गोंडोला दो फेज में बंटा है। पहला फेज गुलमर्ग को कोंगडोरी से जोड़ता है। दूसरा फेज कोंगडोरी से अफरवात स्टेशन तक जाता है। दोनों रूट में कुल 108 केबिन कार हैं। श्रीनगर से गुलमर्ग गोंडोला की दूरी 51 किमी है।

## कोरबा बनेगा देश की उर्वरक आत्मनिर्भरता का केंद्र : बृजमोहन

- गुलमर्ग की बैठक में सांसद बृजमोहन ने उठाया कोरबा का मुद्दा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ का ऊर्जा नगर कोरबा, देश को उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है यह कहना है सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल का... उन्होंने कहा कि कोयले से गैस बनाकर यूरिया उत्पादन की दिशा में यदि गंभीरता से कार्य किया जाए तो कोरबा देश का सबसे उपयुक्त केंद्र बन सकता है।

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित रसायन एवं उर्वरक संबंधी संसदीय स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने देश के घरेलू उर्वरक उद्योग को मजबूत करने और आयात पर निर्भरता कम करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ विभिन्न उर्वरक कंपनियों एवं संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में देश को यूरिया उत्पादन के लिए लगभग 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस विदेशों से आयात करनी पड़ती है, जिससे विदेशी निर्भरता बढ़ती है और आर्थिक दबाव भी बनता है। ऐसे में 'कोल गैसीफिकेशन टेक्नोलॉजी' आधारित यूरिया संयंत्र देश के लिए एक प्रभावी विकल्प साबित हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कोरबा में प्रचुर मात्रा में कोयले का भंडार उपलब्ध है। साथ ही वहां औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक भूमि, बिजली और आधारभूत सुविधाएं पहले से मौजूद हैं। यही कारण है कि कोरबा कोयले से गैस बनाकर यूरिया उत्पादन के लिए देश का सबसे उपयुक्त क्षेत्र बन सकता है।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यदि कोरबा में नया यूरिया संयंत्र स्थापित होता है तो इससे छत्तीसगढ़ को औद्योगिक मजबूती मिलेगी, हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। साथ ही देश की उर्वरक आत्मनिर्भरता को भी बड़ा बल मिलेगा।

www.dainikvishwaparivar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026



# भाजपा पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज बिश्रामपुर थाने के सामने धरने पर बैठे

गोपाल सिंह विद्रोही





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** नगर पंचायत शिवनन्दनपुर में पहली बार हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के बीच राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किए जाने के बाद कांग्रेस ने भाजपा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेताओं ने इसे राजनीतिक द्वेष और चुनाव प्रभावित करने की साजिश बताते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

रविवार को दीपक बैज स्वयं बिश्रामपुर थाने पहुंचे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ थाने के मुख्य गेट के सामने धरने पर बैठ गए। कड़कड़ाती धूप के बीच कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने साफ कहा कि कांग्रेस नेता नरेंद्र जैन पर लगाया गया आर्म्स एक्ट का मामला पूरी तरह झूठा और राजनीतिक दबाव में दर्ज किया गया है। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी धरने में शामिल होंगे।

धरना स्थल से कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नगर पंचायत शिवनन्दनपुर चुनाव में कांग्रेस की मजबूत स्थिति और भाजपा की संभावित हार से भाजपा बौखला गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन और प्रशासन के दम पर चुनाव जीतना चाहती है। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस नेता नरेंद्र जैन चुनाव संचालन और प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, इसलिए उन्हें चुनाव प्रचार से दूर करने की साजिश के तहत उनके खिलाफझूठा मुकदमा दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले को लेकर चुनाव आयोग तक जाएगी और प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से पूरी शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि प्रशासन ने निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस का आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन सत्ता के दबाव में काम कर रहा है तथा भाजपा नेताओं के इशारे पर कार्रवाई की जा रही है। धरना प्रदर्शन में रेडक्रॉस सोसायटी सरगुजा के सभापति आदितेश्वर शरण सिंहदेव, पूर्व मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, पूर्व संसदीय सचिव सनत राजवाड़े, राज्य श्रम कल्याण मंडल के पूर्व चेयरमैन शफी अहमद, राज्य अनुसूचित आयोग के पूर्व चेयरमैन भानुप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष शशि सिंह, वरिष्ठ नेता सुभाष गोयल, भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, रमेश दनौदिया, जिला महामंत्री संजय डोशी, सुनील अग्रवाल, ईस्माइल खान तथा पंकज तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि नगर पंचायत शिवनन्दनपुर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की मजबूत स्थिति से भाजपा घबराई हुई है। टिकट वितरण के बाद भाजपा में अंदरूनी असंतोष और बिखराव सामने आने लगा है, जबकि कांग्रेस एकजुट दिखाई दे रही है। इसी कारण भाजपा सत्ता का उपयोग कर कांग्रेस नेताओं को फंसाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार शनिवार की रात भाजपा कार्यकर्ता मित्तल पांडेय कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के निवास पहुंचे और उन्हें उकसाने का प्रयास किया। इसके बाद रविवार रात करीब 8 बजे नरेंद्र जैन अपने मेन रोड स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठान के सामने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे थे। उसी दौरान मित्तल पांडेय अपने एक साथी के साथ कार से वहां पहुंचे और चुनावी जीत-हार को लेकर विवाद शुरू हो गया।

आरोप है कि मित्तल पांडेय ने वहां मौजूद लोगों से भी अभद्रता की और सत्ता की ताकत दिखाने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली सोनी की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर थाने में नरेंद्र जैन के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि नरेंद्र जैन ने मित्तल पांडेय पर कटार अड़ा दी थी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिस समय घटना बताई जा रही है, उस समय घटना स्थल के सामने स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी और आसपास काफी चहल-पहल थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कटार अड़ाने जैसी कोई घटना दिखाई नहीं दे रही है। कांग्रेस नेताओं ने बिना सीसीटीवी जांच किए गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करने पर सवाल उठाए हैं।

**तीन सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना,,,,** कांग्रेस ने तीन प्रमुख मांगें सामने रखी हैं। पहली, नरेंद्र जैन पर दर्ज आर्म्स एक्ट की धारा हटाई जाए। दूसरी, नरेंद्र जैन की पत्नी की शिकायत पर भी अपराध दर्ज किया जाए। तीसरी, झूठा अपराध दर्ज करने वाले बिश्रामपुर थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित किया जाए।

**नेताओ को सौंपी गई धरना की जिम्मेदारी-** धरना प्रदर्शन को लगातार जारी रखने की जिम्मेदारी कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेदू ने सात वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है। इनमें बालकृष्ण पाठक, हरिहर प्रसाद यादव, प्रदीप गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, नरेश राजवाड़े, अखिलेश प्रताप सिंह और नवीन जायसवाल के नाम शामिल हैं।

धरना स्थल पर मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह, रामलाल सोनी, मेहंदी यादव, पवन अग्रवाल, विकास सिंह, चंदा सिंह, छन्दा श्री, बबिता गुप्ता, अंशुल गोयल, आकाश साहू, जफर हैदर, दीप्ति स्वाई, विमला सिंह, जरीना सुल्ताना, लिली राजवाड़े, भावना सिंह, जाकेश राजवाड़े, मंठुराम शांडिल, संजीत यादव, सोमु सिंह, आशीष यादव और विनय सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सार्वजनिक सड़क पर बनाए गए मकान को हटाने का दिया निर्देश





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-**सूरजपुर मुख्यालय भैया थान रोड के निजी भूमि पर रास्ता को पर बनाए गए मकान को हटाने का कलेक्टर ने दिया निर्देश मची खलबली। सूरजपुर मुख्यालय में आज जनदर्शन का आयोजन किया गया।जनदर्शन में बड़ी कार्रवाई करने कलेक्टर सड़क पर से अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश! सूरजपुर नव पदस्थ ?कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जनदर्शन में पहुंची अतिक्रमण कि ?शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने एसडीएम को दिए सख्त निर्देश। ?मामले में तत्काल अतिक्रमण हटाने और कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई है।

## डोंगाघाट में पुलिस ने मारा रेड, गांजा बेचते महिला गिरफ्तार




**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** बस्तर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफचलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा बिक्री करते एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से करीब 617 ग्राम अवैध गांजा एवं 1250 रुपये नगद जप्त किए हैं। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि डोंगाघाट क्षेत्र में एक महिला गांजा बिक्री के लिए खड़ी है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी. धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर महिला को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनी नाग (40 वर्ष) निवासी डोंगाघाट बीजाभाटा पारा, जगदलपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से गांजा बरामद हुआ। वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने एवं गांजा बिक्री स्वीकार करने पर पुलिस ने NDPS एक्ट की धारा 20(b)(ii)(B) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर, उपनिरीक्षक अरुण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद सिन्हा, दिलीप मंडल, मीना यादव सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कृषकों को रासायनिक खाद वितरण प्रारंभ


**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** किसानों द्वारा खरीफ की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। जिले में इस वर्ष उर्वरक वितरण हेतु 47530 में टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा वर्तमान में 21326 में टन उर्वरक का उपलब्ध हैं जो कि लक्ष्य के विरुद्ध 45 प्रतिशत उर्वरक जिले में उपलब्ध है एवं जिले में सहकारी एवं निजी क्षेत्र में 16914 में टन उर्वरक का भण्डारण किया जा चुका है जो लक्ष्य के विरुद्ध 30 प्रतिशत भण्डारण हो चुका है। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को लगातार उर्वरकों का वितरण प्रारम्भ हो चुका है। आगामी खरीफसीजन 2026 के लिए कृषि विभाग ने सहकारी समितियां के माध्यम से उर्वरकों का वितरण कार्य प्रगतिरत है। यूरिया पिछले साल की कुल मात्रा का 80 प्रतिशत भी पारंपरिक यूरिया के रूप में पहले मिलेगा। शेष 20 प्रतिशत आपूर्ति होने पर दिया जायेगा, अन्यथा उसकी जगह नैना यूरिया का विकल्प रहेगा। डीएपी पिछले वर्ष की मात्रा का 60 प्रतिशत ही मिलेगा, शेष 40 प्रतिशत मात्रा अन्य वैकल्पिक एनपीके खाद या नैनो डीएपी के माध्यम से पूर्ति किया जायेगा।उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव के द्वारा सभी उर्वरक विक्रेताओं को खरीफ2026 में सभी वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने एवं कृषकों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में विगत दिनों सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक आयोजित कर नियमानुसार उर्वरक का व्यवसाय करने हेतु निर्देश दिया गया हैं।

## तनाएरा ने लॉन्च किया 'इनाया', साड़ियों का आधुनिक कलेक्शन ताकि आप कभी एक जैसी न दिखें

**मुंबई:** आज के दौर में जश्न का अंदाज़ अधिक निजी, अभिव्यक्तिपूर्ण और स्टाइल के प्रति सजग हो रहा है, इसी को ध्यान में रखते हुए टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा लेकर आए हैं साड़ियों का आधुनिक कलेक्शन, जिसे खासतौर पर आज के दौर की महिलाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो हर मौके के लिए अनुकूल, सहज और खूबसूरत दिखना चाहती हैं। मात्र रु 3499 की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध इस कलेक्शन में किफ़ायती दाम पर फैशनेबल साड़ियां उपलब्ध हैं, जो अपने बेहतरीन डिज़ाइन एवं आकर्षण के साथ आपको अनूठा आत्मविश्वास देती हैं। लाईटवेट और फ्लोइ फैब्रिक से बना इनाया कलेक्शन, आराम और खूबसूरती का अनूठा संयोजन है, जिसमें हर मौके के लिए अनुकूल साड़ियां हैं, इन्हें आप अपने किसी खास जश्न में, या जीवन के किसी खास मौके पर, शादियों से पहले के उत्सवों में या सामाजिक समारोहों में पहन सकती हैं। प्रकृति और ब्रह्मांड की अनंत गति से प्रेरित, जहाँ हर चीज़ निरंतर, भव्य तरीके से बदल रही है, यह कलेक्शन फूलों के चित्रों, विकसित होती आकृतियों और आकाशीय ज्यामितीय प्रभावों से जीवंत हो उठता है। प्राकृतिक दृश्यों से प्रेरित रंग, सुबह की कोमलता से लेकर शाम की समृद्धि और खिलते हुए फूलों तक का चित्रण इस कलेक्शन को गहराई और गर्माहट से भर देता है।

## बिहारपुर में सजेगा विशाल कुश्ती महादंगल, देशभर के नामी पहलवान दिखाएंगे दमखम

### नशा मुक्त समाज के संदेश के साथ 25-26 मई को होगा भव्य आयोजन, क्षेत्र में उत्साह का माहौल



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**चांदनी बिहारपुर। जिले के दूरस्थ बिहारपुर क्षेत्र में खेल प्रेमियों के लिए एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। 25 एवं 26 मई 2026 को बिहारपुर में विशाल कुश्ती महादंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से नामी पहलवान अपने दांव-पेंच का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

आयोजकों द्वारा जारी पोस्टर के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और समाज में नशा मुक्ति का संदेश देना भी है। उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ नशा मुक्त समाज की स्थापना थीम पर आयोजित इस महादंगल में बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, बनारस, गोरखपुर, नेपाल, आगरा, कानपुर, इलाहाबाद, इटावा सहित कई राज्यों एवं शहरों के प्रसिद्ध पहलवान हिस्सा लेंगे। महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों का दावा है कि महादंगल में शामिल होने वाले पहलवान राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं, जिससे मुकाबले रोमांचक होने की उम्मीद है।

पोस्टर में हरियाणा के प्रसिद्ध पहलवानों के नाम भी प्रमुखता से दर्शाए गए हैं, जिनके आने से प्रतियोगिता का आकर्षण और बढ़ गया है। ग्रामीण अंचल में इतने बड़े स्तर पर खेल आयोजन होने से स्थानीय युवाओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र के लोग इसे बिहारपुर के लिए गौरव का विषय मान रहे हैं।

महादंगल के मुख्य आयोजक मा. नित्यानंद पाठक जी बताए गए हैं। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता स्थल पर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। दर्शकों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था तथा खिलाड़ियों के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बिहारपुर जैसे दूरस्थ क्षेत्र में इस प्रकार का आयोजन युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। वहीं व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को भी आयोजन के दौरान अच्छा व्यापार मिलने की उम्मीद है।

आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रतियोगिता का आनंद लेने एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## लॉगबुक से लेकर AI-पावर्ड केयर तक सैमसंग ने भारत में कस्टमर सर्विस के 30 साल पूरे किए


भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने भारत में अपनी कस्टमर सर्विस के 30 साल पूरे किए हैं। यह 1990 के दशक के बीच में दिल्ली में एक छोटे से सर्विस ऑपरेशन से देश के सबसे बड़े और सबसे डिजिटली-कनेक्टेड कस्टमर केयर इकोसिस्टम में से एक बनने तक का सफर तय करता है। जब सर्विस अभी भी एनालॉग थी सैमसंग की कस्टमर सर्विस में बदलाव की कहानी भारत के अपने टेक्नोलॉजिकल बदलाव को काफी हद तक दिखाती है — हाथ से लिखे शिकायत रजिस्टर, पेजर और फिजिकल सर्विस विज़िट के ज़माने से लेकर AI-पावर्ड डायग्नोस्टिक्स, कनेक्टेड अप्लायंसेज और प्रेडिक्टिव केयर इकोसिस्टम तक। जब सैमसंग ने मार्च 1996 में भारत में अपना पहला सर्विस सेंटर खोला, तो देश बहुत अलग दिखता था। फ़ोन और इंटरनेट बहुत कम थे और कस्टमर रिक्वेस्ट भीड़-भाड़ वाले ऑफिस डेस्क पर रखे रजिस्टर में मैन्युअली रिकॉर्ड की जाती थीं। सैमसंग इंडिया के सर्विस ऑपरेशंस के डायरेक्टर राजीव गुप्ता ने कहा, उस समय, कस्टमर केयर असल में बहुत पर्सनल होता था। कस्टमर अक्सर सीधे सर्विस सेंटर जाते थे क्योंकि घरों में टेलीफोन आम नहीं थे। सर्विस रिक्वेस्ट को रजिस्टर में हाथ से डाला जाता था, और इंजीनियर लॉगबुक, पेपर स्लिप और टूलकिट लेकर शहरों में घूमते थे। दिसंबर 1996 तक, सैमसंग पूरे भारत में 21 सर्विस सेंटर तक फैल चुका था। 1997 में, इंजीनियरों ने कस्टमर अलर्ट पाने के लिए पेजर का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया — यह उस समय एक छोटी लेकिन ज़रूरी टेक्नोलॉजिकल छलांग थी।

**भरोसे का इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना-** जैसे-जैसे भारत का कंज्यूमर टेक्नोलॉजी मार्केट तेज़ी से बढ़ा, सैमसंग ने अपने कस्टमर सपोर्ट इकोसिस्टम को बढ़ाना जारी रखा। 1990 के दशक के आखिर में देश भर में फ्रैंचाइजी सर्विस सेंटर बढ़े, जबकि 2003 में दिल्ली के नेहरू प्लेस में सैमसंग के पहले इन-हाउस कॉल सेंटर के लॉन्च और एक टोल-फ्री कस्टमर सपोर्ट नंबर की शुरुआत के साथ एक और बड़ा मील का पत्थर साबित हुआ।

# सेवा निवृत्त कामगार राजेंद्र दुबे ने जीवन भर की गाढ़ी कमाई लगा दी बंजर भूमि पर उपवन बनाने में

### फलदार वृक्षों से जब बना उपवन तो शरारती तत्व कब्जा करने लगाए है गिद्ध दृष्टी





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-**एस ई सी एल बिश्रामपुर क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले विस्थापित ग्राम करमपुर की बंजर भूमि पर सेवा निवृत्त कालरी कर्मचारी वृक्ष मित्र पंडित राजेंद्र दुबे ने अपनी जीवन भर की गाढ़ी कमाई बंजर भूमि को हरियाली बनाने में लगा दी सेवा मुक्ति के बाद हालही में सूरजपुर जिला कलेक्टर को एक पत्र लिखा जिसमें उल्लेख किया है कि एक समिति बनाकर उसके पदेन अध्यक्ष कलेक्टर रहे ताकि भविष्य में इस उपवन को बचाया जा सके। तो दूसरी तरफ कुछ शरारती नशेड़ी युवक पूरे उपवन पर कब्जा करने का साजिश रच रहे हैं जिससे वृक्ष मित्र राजेंद्र दुबे काफी विचलित एवं परेशान।।

जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्वी कोयला परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाला कॉलोनी से सत्ता विस्थापित ग्राम करमपुर से लगा एस ई सी एल कंपनी की भूमि पर अपने जीवन भर की लाखों रुपए कमाई लगाकर विभिन्न प्रजाति के फलदार वृक्ष जिसमें आम ,अमरूद, लीची , कटहल जामुन, रुद्राक्ष जैसे अनेक पौधे रोपित कर विशाल वृक्ष तैयार किया जो आज बड़ा होकर फल से लद गया है। अब इस उपवन पर ग्राम करमपुर के शरारती तत्व अपना पहुंच बता कर पंडित राजेंद्र दुबे को परेशान करने लगे हैं। बताया जाता है कि वृक्ष मित्र पंडित राजेंद्र दुबे केवल वृक्ष ही नहीं लगाया है अपितु बहुत सुंदर पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर का भी निर्माण कर मंदिर स्थापित किया है जिसमें आसपास के लोग पूजा करने आते हैं एवं बच्चे सुबह-शाम घूमने जाते है । सेवा मुक्ति के बाद अब इस पूरे हरियाली उपवन को जिला प्रशासन को पूर्णत: शौप देना चाहते हैं ताकि उनके द्वारा लगाया गया उपवन एवं मंदिर पर शरारती तत्वों का नजर न पड़ेतथा भविष्य में पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सके।

**वृक्ष मित्र राजेंद्र दुबे ने प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री, पर्यावरण मंत्री एवं कलेक्टर को कई बार लिख चुके हैं पत्र-** अभी हाल ही में सूरजपुर कलेक्टर को दिए गए पत्र में वृक्ष मित्र राजेंद्र दुबे ने उल्लेख किया है कि उक्त स्थल पर निवृत्त श्री संकट मोचन पंचमुखी हनुमान मंदिर, एस ई सी एल के विस्थापित ग्राम करमपुर में जीवन की संपूर्ण कमाई लगाकर स्थापित किया है इसे जिला प्रशासन अपने संरक्षण में लेकर पर्यटन , दर्शनीय स्थल, एवं एवं बच्चों के पार्क के रूप में विकसित कर सूरजपुर जिला का प्रदेश में अंकित करें।

अपने आवेन मे पंडित राजेन्द्र कुमार दुबे ने अब तक प्रधानमंत्री, भारत सरकार सहित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पर्यावरण मंत्री एवं सूरजपुर जिला के कलेक्टर को अब तक भेजे गए पत्र की सत्यप्रतिलिपि भी संलग्न की है।

**वृक्ष मित्र राजेंद्र दुबे ने कलेक्टर को मार्मिक पत्र लिखा -** कलेक्टर को संबोधित करते हुए अपने पत्र में पंडित राजेंद्र दुबे लिखते हैं कि एक मजदूर जो विगत 38 वर्षों से नि:स्वार्थ भाव से जनहित एवं समाज हित में पर्यावरण का कार्य करता आ रहा है जो आज भी निरन्तर जारी है। आपसे विनम्र आग्रह है कि इस स्थल का मौका निरीक्षण कर इसके संपूर्ण विकास हेतु कार्यवाही कर इस स्थल को सूरजपुर के नक्शे में पर्यटन/दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने की कृपा करें तथा विगत 20 वर्षों से आधा किलोमीटर रोड निर्माण, बच्चों के मनोरंजन हेतु पार्क की व्यवस्था एवं इसके सौन्दर्यीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने की कृपा करें। सुरतपुर जिला कलेक्टर को 13 मई 2026 को आवेदन के साथ प्रधानमंत्री, भारत सरकार को प्रेषित पत्र की छायाप्रति मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन , सूरजपुर कलेक्टर को प्रेषित पत्र की सत्यप्रतिलिपि भी सलग्न की है ।

**ग्राम करमपुर के शरारती तत्व वृक्षों से लहलता बगीचा को हड़पने गड़ा रखी है गिद्ध दृष्टी-** उक्त बंजर भूमि पर वर्षों से वृक्ष लगाकर विभिन्न प्रजातियों का पौधा तैयार कर विशाल उपवन तैयार करने वाले वृक्ष मित्र पंडित राजेंद्र दुबे सेवानिवृत के बाद अब थक चुके हैं इसी का फायदा उठाकर ग्राम करमपुर के कुछ शरारती तत्व अपनी पहुंच का दावा कर अपनी गिद्ध दृष्टि लगाए हुए है जबकि वृक्ष मित्र राजेंद्र दुबे चाहते हैं कि जिला कलेक्टर एक समिति बनाकर उसका पदेन अध्यक्ष एवं संरक्षण रहे ताकि इन हरे भरे फलदार वृक्षों की सुरक्षा ही नहीं अपितु एक सुंदर धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सके। वे कहते हैं कि पर्यावरण दिवस पर राज्य एवं केंद्र सरकार लाखों पौधा लगाने की दावा करती है तथा बचा नहीं पाती है जबकि हमने जिन पौधों को लगाया है उसका संरक्षण संवर्धन किया है ,आज वह उपवन के रूप में लह लाहा रहा है। केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को कई बार पत्र लिखने के बाद भी दुर्भाग्य से अभी तकइस ओर कोई कार्रवाई अब तक नहीं हो पाई है। वे बताते हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय से जिला कलेक्टर को पत्र आया था कार्रवाई करने हेतु कहां गया था। जिला कलेक्टर के निर्देश पर एक समिति भी स्थल का अवलोकन किया परंतु फिर क्या हुआ उसका अब तक पता नहीं चला।

## संपादकीय

### बीमा सुविधा प्राप्त मरीजों की जेब पर भी दबाव

बीमा आधारित स्वास्थ्य देखभाल का मॉडल कुल मिलाकर आम जन को कितनी राहत दे पा रहा है? या आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं असल में प्राइवेट अस्पतालों को सार्वजनिक धन ट्रांसफर करने का माध्यम बनी हुई हैं? स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति के बारे में नेशनल सैंपल सर्वे (एनएसएस) से सामने आए कई तथ्य चिंताजनक हैं। 2017-18 में एनएसएस के 75वें दौर के सर्वे में स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया गया था। जनवरी- दिसंबर 2025 में हुए 80वें फिर ऐसा हुआ। यानी ताजा निष्कर्षों से लगभग सात वर्षों में आए बदलावों का अंदाजा लगा है। इसके मुताबिक देश में बीमा करवेज बढ़ा है, मगर अस्पताल में मरीजों के भर्ती होने की दर लगभग जस की तस है। दूसरी तरफ अस्पताल में भर्ती मरीजों के अपनी जेब से खर्च करने की दर बढ़ी है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कई प्रकार की जांच अस्पताल से बाहर करवानी पड़ती है। साथ ही कई दवाएं खुद खरीदनी पड़ती है। इलाज प्राइवेट अस्पताल में हो रहा हो, तो यह खर्च और बढ़ जाता है। ग्रामीण इलाकों में बीमा कवरेज 14.1 से बढ़ कर 47.4 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 19.1 से 44.3 प्रतिशत हो गया है। इस वृद्धि का प्रमुख कारण आयुष्मान भारत या राज्य सरकारों की बीमा योजनाएं हैं। इसके अलावा एनएसएस में ईएसआईएस और सीजीएचएस की सुविधा प्राप्त सरकारी कर्मचारियों को भी बीमा कवरेज प्राप्त लोगों में गिना गया, जिससे कवरेज का दायरा अधिक फैला हुआ नजर आता है। बहरहाल, ध्यान खींचने वाली बात यह है कि बीमा सुविधा प्राप्त मरीजों की जेब पर भी दबाव बना हुआ है। तो सवाल है कि बीमा कवरेज आधारित स्वास्थ्य देखभाल का मॉडल कुल मिलाकर आम जन को कितनी राहत दे पा रहा है? या आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं असल में प्राइवेट अस्पतालों को सार्वजनिक धन ट्रांसफर करने का माध्यम बनी हुई हैं? प्राइवेट अस्पताल अधिकतम मुनाफा कमाने से नजरिए से चलते हैं, जहां कोशिश बीमा योजना के तहत अधिकतम संभव रकम झटक लेने पर होता है। आम तौर पर होने वाले ऐसे तजुर्बों की पुष्टि एनएसएस ने की है। अत: स्वास्थ्य देखभाल के वर्तमान ढांचे पर समग्र पुनर्विचार की जरूरत है। मुद्दा यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र में सबको स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के अलावा क्या कोई कारगर विकल्प मौजूद है? स्पष्टत: अब प्राथमिकता बीमा योजनाएं नहीं, बल्कि सरकारी अस्पताल बनवाना होना चाहिए।

# भारत की विकास यात्रा

श्री सी. पी. राधाकृष्णन



जब मैं तिरुप्पुर के स्कूल में पढ़ता था, तब मेरे मन में देश को लेकर कई सपने थे। मेरे मन में अक्सर ये सवाल उठते थे- भारत अपनी महानता कब वापस पाएगा? विश्व मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में कब उभरेगा? हमारे गरीब और वंचित भाई-बहनों को सम्मानजनक जीवन कब मिलेगा? मुझे खुशी है कि किशोरावस्था में मेरे मन में जो विचार थे, वे अब साकार हो रहे हैं। मैं अक्सर खुद को स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों की याद दिलाता था, उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको। तमिलनाडु की धरती से स्वामीजी के दिए ये शब्द हर व्यक्ति में देशभक्ति और समर्पण की भावना जगाने की अपार शक्ति रखते हैं। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा कि जब भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ेगा, तब वह पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करने वाला राष्ट्र बनकर उभरेगा। पिछले एक दशक में मुझे यह देखकर खुशी होती है कि हमारा देश जबरदस्त ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। अब हमें अपनी आंखों के सामने तिरुवल्लुवर के इन शब्दों की सच्चाई देखने का अवसर मिल रहा है-जो अपने संकल्प में अडिग रहते हैं, वे ठीक वही हासिल करते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना की होती है। हम देख सकते हैं कि हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जो प्रगति हासिल की है, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी और अनिश्चितताओं से जूझ रही है, भारत की अर्थव्यवस्था मज़बूती और तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस दौर को निरंतर विकास का युग बनाने के लिए सरकार और जनता, दोनों का साझा उत्साह ही इस प्रगति का कारण है। एक समय कमजोर अर्थव्यवस्था माने जाने वाला हमारा देश आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा आर्थिक विकास समावेशी रहा है। पिछले एक दशक में लगभग 25 करोड़ भारतवासी अत्यधिक गरीबी से बाहर निकलकर सम्मानपूर्ण जीवन जीने में सक्षम हुए हैं। अब तक भारत में गरीब और बेघर लोगों के लिए लगभग 4 करोड़ पक्के घर बनाए जा चुके हैं। 12 करोड़ से अधिक लोगों को पाइप से पीने के पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। हमने खुले में शौच से मुक्त राष्ट्र बनने का संकल्प लिया था और केवल 60 महीनों के भीतर देश ने 60 करोड़ लोगों के लिए यह लक्ष्य हासिल कर दिखाया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को हर वर्ष 5 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त दिया जा रहा है, जिस पर 2.3 लाख करोड़ रुपये का खर्च किया जा रहा है। मैंने बचपन से ही गांवों में लोगों को इलाज की सुविधा न मिलने के कारण परेशान होते देखा है। उनके परिवारों की पीड़ा देखकर मुझे दुख होता था। आज देश इस संकल्प के साथ आयुष्मान भारत योजना चला रहा है कि स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक पहुंचें। इसी का परिणाम है कि अब 44 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। केवल पिछले एक वर्ष में ही 2.5 करोड़ लोगों ने इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज प्राप्त किया है। हमारे किसानों ने अपनी मेहनत से 35 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन किया है, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश बन गया है। भारत अब चावल उत्पादन में भी दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और अपने निर्यात के माध्यम से दुनिया से जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है। आज हमारी नारी शक्ति के लिए देश के विकास में पूरी भागीदारी के अवसर खुल रहे हैं। 3 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदी बन चुकी हैं। कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान एवं तकनीक से लेकर अंतरिक्ष तकनीक तक, महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। अब महिलाएं सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन भी प्राप्त कर रही हैं और युद्धक भूमिकाओं में भी भाग ले रही हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद और राज्य विधानसभाओं में उनकी भागीदारी को और मजबूत करेगा। जब मैं देशभर की यात्रा के दौरान लखपति दीदियों और नमो ड्रोन दीदियों से मिलता हूं, तब मुझे अपनी बहनों के चेहरों पर उम्मीद की चमक दिखाई देती है। महिलाओं के दैनिक जीवन को आसान बनाने और उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए देशभर में लगभग 2 करोड़ नए एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। जब हम युवा पीढ़ी को उत्साह के साथ स्टार्टअप्स की ओर आगे बढ़ते देखते हैं, तब हमें देशभक्त कवि सुब्रमण्यम भारती के ये शब्द याद आते हैं- आओ, आओ, आओ और अपने सपनों को साकार करो, पूरा देश एकजुट होकर आगे बढ़े और समृद्ध बने, आओ, आओ, आओ और कोई महान कार्य करके दिखाओ। युवाओं के लिए पिछले दस वर्षों में ही 13 नए आईआईटी स्थापित किए गए हैं, जिससे देश में आईआईटी की कुल संख्या बढ़कर 23 हो गई है। इसी तरह आईआईएम की संख्या 13 से बढ़कर 21 हो गई है। एम्स की संख्या 7 से बढ़कर 23 हो चुकी है और मेडिकल कॉलेजों की संख्या 37 से बढ़कर 823 हो गई है। यह गर्व की बात है कि मेडिकल छात्रों के लिए सीटों की संख्या 51,348 से बढ़कर 1,29,603 हो गई है। हम विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे की दिशा में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय रेलवे का लगभग 99 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। देशभर में 164 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों ने रेल यात्रा के एक नए युग की शुरुआत की है। हवाई अड्डों की संख्या भी 74 से बढ़कर 163 हो गई है और उड़ान योजना के तहत आम लोगों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है। तमिलनाडु के लिए रेलवे बजट का आवंटन, जो एक दशक पहले लगभग ?880 करोड़ था, बढ़कर 2026ङ्क27 में ?7,600 करोड़ हो गया है। तमिलनाडु में यह खुशी की बात है कि रामेश्वरम और पंबन के बीच नया पंबन ब्रिज बनाया गया है, जो भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज है। यह आध्यात्मिक पर्यटन और आर्थिक विकास के लिए एक नया अवसर बनकर उभरा है। चाहे चिनाब ब्रिज हो या बोगीबील पुल, भारत अब आधुनिक बुनियादी ढांचे के नए आयाम स्थापित कर रहा है। भारत के विकास के लिए देश भर में विश्व स्तरीय चार-लेन और आठ-लेन की सड़कों के साथ-साथ सुदूर गांवों तक सड़क संपर्क को मजबूती से विकसित किया गया है। तमिलनाडु में पिछले 10 वर्षों में 4,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं। वहीं पूर्वोत्तर राज्यों में पिछले 10 वर्षों के दौरान लगभग 7,200 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ है। ये सभी विकास कार्य 'प्रगति' के तहत प्रधानमंत्री की करीबी निगरानी के कारण संभव हो पाए हैं। प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों ने क्रमश: अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को बहुत लाभ पहुंचाया है। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा है कि विकास केवल सामाजिक वर्गों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसमें सभी क्षेत्रों की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। जो सीमावर्ती गांव कभी भारत के अंतिम गांव माने जाते थे, वे अब देश के प्रथम गांव बन चुके हैं और वाइब्रेंट विलेज स्कीम के माध्यम से उनका विकास किया जा रहा है। मुझे खुशी के साथ याद आता है कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों को देश की अष्टलक्ष्मी कहा था। हाल ही में जब मैंने नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का दौरा किया, तब वहां परिवहन और बुनियादी ढांचे में जबरदस्त सुधार देखने को मिला। विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में देश ने जो प्रगति हासिल की है, वह हम सभी को गर्व से भर देती है। तकनीक से लेकर चिकित्सा तक, हर क्षेत्र में तेज़ी से विकास हो रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने वैक्सीन निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई और स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर बहुत कम समय में सभी को मुफ्त उपलब्ध कराई। भारत ने मानवीय संवेदना के साथ दुनिया के 100 से अधिक देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई, जिसने विश्व इतिहास में एक विशेष स्थान बनाया। चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग ने भारत को उन्नत अंतरिक्ष अनुसंधान के नए युग में पहुंचा दिया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक कंपनियां भारत को अपना केंद्र बना रही हैं, जिससे निवेश में कई गुना वृद्धि हुई है। भारत अब सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में दुनिया के लिए एक मॉडल बनकर उभर रहा है। मोबाइल फोन उत्पादन में भी हमने विश्व में दूसरा स्थान हासिल किया है। जो भारत कभी मोबाइल फोन आयात करता था, वही आज 300 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात करने वाला देश बन चुका है। ये सभी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के समृद्ध भविष्य की मजबूत नींव बनेंगी। कई दशकों तक हमारे देश ने केवल आतंकवाद ही नहीं, बल्कि उग्रवाद और वामपंथी चरमपंथ जैसी चुनौतियों का भी सामना किया है। साहसिक नीतिगत फैसलों और कानून के सख्त पालन के माध्यम से आज देश में शांति स्थापित हुई है और इन क्षेत्रों में विकास के द्वार खुले हैं। हमने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि 2047 तक, यानी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक, भारत एक अग्रणी वैश्विक शक्ति बने और दुनिया का मार्गदर्शन करने की स्थिति में पहुंचे। कठिन परिश्रम का यह दौर ही अमृत काल है। जिस प्रकार हर स्वतंत्रता सेनानी के हृदय में आजादी की प्यास थी, उसी तरह आज के युवाओं के मन में राष्ट्र विकास का संकल्प होना चाहिए। इस अमृत काल में यदि युवाओं के विचार और प्रयास देशभक्ति, उच्च आदर्शों और श्रेष्ठ चरित्र के साथ आगे बढ़ेंगे, तब हम 2047 में एक विकसित भारत का सपना साकार होते देख सकेंगे। स्वामी विवेकानंद के ये शब्द हमें प्रेरणा देते हैं और दिशा भी दिखाते हैं- मेरे भाइयों, आइए हम सब मिलकर कड़ी मेहनत करें। यह सोने का समय नहीं है। भारत का भविष्य हमारे प्रयासों पर निर्भर करेगा। आइए हम सब मिलकर अपनी कड़ी मेहनत से एक विकसित भारत का निर्माण करें।

**( लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं )**

**श्री सी. पी. राधाकृष्णन**

## आलेख

### संकट से सुरक्षा तक- छत्तीसगढ़ का बजटीय सुरक्षा कवच और भूमिहीनों का स्वर्णिम संबल

विष्णु प्रसाद वर्मा

एक संवेदनशील और दूरदर्शी सरकार की असली पहचान संकट के समय उसकी त्वरित तत्परता और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से होती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार का हालिया बजट इसी लोक-कल्याणकारी सोच का जीवंत प्रमाण है। यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राज्य के विकास का एक ऐसा विज़न डॉक्यूमेंट है जहाँ एक तरफ प्राकृतिक आपदाओं से नागरिकों को बचाने के लिए करोड़ों का अभेद्य वित्तीय सुरक्षा कवच तैयार किया गया है, वहीं दूसरी तरफ भूमिहीन मजदूरों और ग्रामीणों को स्थायी आर्थिक संबल देने के लिए सरकार ने अपनी तिजोरी के द्वार खोल दिए हैं।

#### आपदा प्रबंधन का त्रिपल-लेयर अभेद्य किला

बाढ़, सूखा, और आकाशीय बिजली जैसी अनिश्चित प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को पूरी तरह निष्प्रभावी करने के लिए साय सरकार ने देश के सामने आपदा प्रबंधन का एक बेहतरीन और अत्याधुनिक मॉडल पेश किया है। सरकार ने इसके लिए तीन स्तरों पर भारी-भरकम फंड अलॉट कर सुरक्षा चक्र को मजबूत किया है। जिसमे राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के लिए 588 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन, ताकि किसी भी आपात स्थिति में राहत कार्य तुरंत और बिना किसी वित्तीय बाधा के शुरू हो सकें। राज्य आपदा शमन कोष के लिए 147 करोड़ रुपए का प्रावधान, जिसका मुख्य उद्देश्य आपदाओं के खतरों को पहले ही कम करना है। इसके साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के लिए 50 करोड़ रुपए की अतिरिक्त मजबूती शामिल है। इस बजट की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह राशि केवल आपदा के बाद राहत पहुंचाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका एक बड़ा हिस्सा पूर्व चेतावनी प्रणालियों को अत्याधुनिक बनाने में खर्च होगा। तकनीक के इस अपग्रेडेशन से छत्तीसगढ़ में अब किसी भी आपदा की सटीक जानकारी समय रहते मिल जाएगी, जिससे जान-माल का नुकसान शून्य करने के संकल्प को पूरा किया जा सके। यह कदम राज्य को आपदा प्रबंधन के मामले में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में है।

#### भूमिहीनों को 10 हज़ार रुपए की सम्मान राशि और स्वामित्व का नया सवेरा

इस बजट का सबसे संवेदनशील और मानवीय चेहरा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाली योजनाओं में दिखाई देता है। सरकार ने समाज के सबसे कमजोर वर्ग को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए दो बेहद महत्वाकांक्षी कदम उठाए हैं। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के लिए सरकार ने 605 करोड़ रुपए का भारी-भरकम बजट आरक्षित किया है। इसके अंतर्गत राज्य के हर पात्र भूमिहीन मजदूर परिवार को प्रतिवर्ष 10 हज़ार रुपए की सीधी आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह राशि न केवल गरीब परिवारों को सम्मान से जीने का हक देगी, बल्कि ग्रामीण बाजारों में तरलता बढ़ाकर छत्तीसगढ़ की आंतरिक अर्थव्यवस्था को एक नई गति प्रदान करेगी। स्वामित्व योजना ग्रामीण सशक्तीकरण के नए युग के रूप में देखा जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐतिहासिक सुधार करते हुए सरकार ने 10 लाख 50 हजार हितग्राहियों को उनकी जमीन और मकान का मालिकाना हक सौंपने का विशाल लक्ष्य रखा है। यह कदम ग्रामीण भारत से वर्षों पुराने संपत्ति विवादों को हमेशा के लिए खत्म कर देगा। सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि अब गांव के लोग भी अपने घरों पर आसानी से बैंक लोन ले सकेंगे, जिससे स्वरोजगार और ग्रामीण उद्यमिता के नए रास्ते खुलेंगे। निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ सरकार के पास इस विकास यात्रा के लिए पुख्ता नीति, आधुनिक तकनीक और पर्याप्त फंड तीनों मौजूद हैं।

# क्या राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ देश भर में आपातकाल जैसा आंदोलन खड़ा करना चाहते हैं

अजय दीक्षित

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को गद्दार कह कर सारी मर्यादा तोड़ दी ये बीस मई की बात है। राहुल गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपातकाल जैसा माहौल बनाना चाहते हैं जब सम्पूर्ण विपक्ष तत्कालीन प्रधानमंत्री मति इंदिरा गांधी के खिलाफ उठ खड़ा हुआ था। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लोकप्रियता में चरम पर है।अब तो विधानसभा चुनाव में मोदी को गारंटी चलने लगी है। देश में गर्मी के साथ राजनीतिक माहौल भी गर्म है क्योंकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतिदिन अनाप शनाप बोल रहे हैं। हालत इतने खराब हैं कि इटली की प्रधानमंत्री श्रीमती मैलोडी को भारती ब्रांड चॉकलेट मेलोडी देने को राहुल गांधी ने कहा कि मोदी चॉकलेट खा रहे हैं और भारत में नीट परीक्षा का पेपर लीक हो ने पर 22 लाख परीक्षार्थियों अपने भविष्य को लेकर परेशान हैं। राहुल गांधी ने पिछले एक साल में मोदी को बेईमान, एपिसटिन फाइल तक के आरोप जड़ दिये जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जवाब नहीं दे रहे हां भारतीय जनता पार्टी के नेता सुबेंदु अधिकारी, पियूष गोयल, जेपी नड्डा, निशिकांत दुबे आदि ने सदन में और बाहर भी मोदी के पक्ष में राहुल गांधी को लताड़ा है।राहुल गांधी की तर्ज पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवादी तक कहा है। लेकिन कहावत वही है कि हाथी चलता रहता है कुत्ते भोंकते रहते हैं। भारत में जैसे जैसे मोदी का कार्यकाल बढ़ता जा रहा है वैसे बैसे विपक्ष का धैर्य टूटता जा रहा है। पश्चिम बंगाल,असम,में भारतीय जनता पार्टी की जीत ने आग में घी का काम किया है। विपक्ष, इंडी एलायंस को लगता है कि 2029 में मोदी को सत्ता से बाहर नहीं कर पाए तो अस्तित्व समाप्त हो जाएगा ।इस लिए विपक्ष, इंडी एलायंस मोदी की राह में कांटे बिछा रहा है।कुछ ममता बनर्जी से उम्मीद थी मोदी का अश्मेघ को रोक ले गी लेकिन हुआ उल्टा ममता बनर्जी का बंगाल किला भी धय गया। असम से मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा राहुल गांधी को मुंह चिड़ा रहे हैं। हरियाणा दिल्ली महाराष्ट्र पश्चिमी बंगाल, बिहार, दिल्ली,असम विधानसभा चुनाव की हार ने विपक्ष, इंडी एलायंस,की चूल्हें हिला दी है। पश्चिमी बंगाल के विधानसभा चुनाव में सनातनी ध्रुवीकरण से विपक्ष अवाक रह गया है क्योंकि अगर यह ध्रुवीकरण आगे बढ़ा तो पूरे देश में विपक्ष निरुत्तर हो सकता है। आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, डीएमके के स्टालिन,सपा नेता अखिलेश यादव राजेडी तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, प्रधानमंत्री के खिलाफ बहुत मुखर हैं। लेकिन इन लोगों को कोई जय प्रकाश नारायण नहीं मिल रहा है जो संपूर्ण हिंदी पट्टी में मोदी के खिलाफ 1975 जैसा आंदोलन पैदा कर दे । न ही बैसा समय रहा ।आज सोशल मीडिया का दौर है।देश की आवादी 1975 कि तुलना में 64 के विरूद्ध 145 करोड़ हो गई है। हालांकि राहुल गांधी निर्वाचन आयोग,एस, आई आर,चुनाव में धांधली के नाम पर पूरे विपक्ष को लेकर आंदोलन वह भी देश व्यापी करना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस अभी उस स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ माहौल नहीं बना पायी है। राहुल गांधी तो बढ़ते पेट्रोल, डीजल,गैस दामों के लिए मोदी को जिम्मेदार बनाते हैं। हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र में भारत के जहाज न निकलने को राहुल गांधी मुद्दा बनाकर चलना चाहते हैं। लेकिन वास्तविकता अलग है क्योंकि ईरान किसी देश टैंकर नहीं निकलने दे रहा है।राहुल गांधी गिरते रुपये के दामों के लिए भी मोदी की अर्थव्यवस्था को जिम्मेदार मानते हैं। राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपातकाल जैसा आंदोलन पैदा करना चाहते। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मोदी को आतंकी कह कर संबोधित करना साजिश का परिणाम है। राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तो पश्चिमी मीडिया को कहते हैं कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा रही है क्योंकि वे ऐसा कर पूरे विश्व बिरादरी को संदेश देते हैं बल्कि यह भी किया जाता है कि जो नॉर्वे में घटा जब एक स्थानीय पत्रकार ने प्रधानमंत्री मोदी से यह पूछने की कोशिश की कि वे स्वतंत्र मीडिया से भारत में बात क्यों नहीं करते हैं। आनन फानन में नॉर्वे में विदेश मंत्रालय ने विशेष प्रेस ब्रीफिंग की । समझा जाता है कि इस प्रकरण में साजिश की बू आ रही है। राहुल गांधी ने लन्दन में भारतीय संविधान को मोदी द्वारा चोट पहुंचाने की कोशिश की बात कही। वे चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल खड़े करते रहते हैं। टाईम्स, गार्जियन, न्यूयॉर्क टाइम्स,में इस प्रकार की खबरें प्रकाशित कराई गई है। राहुल गांधी ने विदेश यात्रा पर 60 करोड़ रुपए खर्च किया है। इस खर्च का कोई ब्यौरा नहीं है क्योंकि कांग्रेस पार्टी के फंड से खर्च किया । नेता प्रतिपक्ष की बात करे तो अधिकांश समय ,1967 से यह पद अटल बिहारी वाजपेई के पास रहा 1977 से 1980 के बीच सी एम स्टीफ़न कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष रहे ।1998 से 2004 तक जब अटलजी प्रधानमंत्री बन गए थे तब यह पद सोनिया गांधी के पास रहा था 2014 से 2019 तक मल्लिकार्जुन खड़गे और 2019 से 2024 तक अधिरंजन चौधरी पास था अब राहुल गांधी है। अटल बिहारी वाजपेई जब नेता प्रतिपक्ष थे उस समय पर एक दो किताब भी लिखी गई है कि वह सरकार का पक्ष रखने विदेश भी गए थे। जवाहरलाल नेहरू, मति इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पी वी नरसिंहराव से उनके कितने मधुर संबंध थे। लेकिन अब कटुता वातावरण है।

# कब तक होगा परीक्षार्थियों के भविष्य से खिलवाड़

डॉ. रमेश ठाकुर

करोड़ों लोग नीट परीक्षा लीक कांड की जांच को अब धूमिल होते देख रहे हैं। तसल्ली उन अभिभावकों को भी कर लेनी चाहिए,जो न्याय की उम्मीद लिए बैठे हैं। निष्पिक्ष जांच-पड़ताल की आस अब इसलिए भी नहीं की जा सकती। क्योंकि पूरा सिस्टम जांच छोड़कर, बड़ी मछलियों को बचाने में ही जुटेगा। 'नीट प्रश्नपत्र लीक' मामले में गिरफ्तारियों की धरपकड़ जारी है। पड़ताल का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। राजस्थान से कुछ आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। लेकिन जो आरोपी पकड़े गए हैं वह सियासत से संबंध रखते हैं। पुलिस अभिरक्षा में उनका सार्वजनिक रूप से मीडिया के कैमरों पर बोलना कि वह तो मौहरे मात्र हैं। खिलाड़ी तो कोई और ही हैं वह बड़े-बड़े स्तर के? आरोपियों के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से निष्पक्ष जांच की उम्मीदों पर ग्रहण लगाने के लिए प्याप्त हैं। यहीं से मुकम्मल जांच की उम्मीदें टूटती दिखाई पड़ती हैं। साढ़े 22 लाख परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ हुआ इतना बड़ा खिलवाड़ भी क्या एक कहानी बनकर सरकारी फाइलों में सिमट जाएगा? करोड़ों लोग नीट परीक्षा लीक कांड की जांच को अब धूमिल होते देख रहे हैं। तसल्ली उन अभिभावकों को भी कर लेनी चाहिए,जो न्याय की उम्मीद लिए बैठे हैं। निष्पिक्ष जांच-पड़ताल की आस अब इसलिए भी नहीं की जा सकती। क्योंकि पूरा सिस्टम जांच छोड़कर, बड़ी मछलियों को बचाने में ही जुटेगा। ऐसा इस बार नहीं, पिछले तकरीबन सभी पेपर लीक कांड़ों में हुआ। नीट दाखिला परीक्षा है, भर्ती की पूरी की पूरी परीक्षा भारत में लीक होने लगी हैं। बावजूद इसके केंद्रीय हुकूमत कोई ऐसा उपाय नहीं कर पा रही जिससे परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ किया जाने वाला खिलवाड़ रूक सके। पिछले 7 वर्षों में यानी 2019 से लेकर 2026 मई तक, भारत में विभिन्न स्तरीय प्रतियोगी लगभग 70 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। आज तक किसी मामले की जांच न पूरी हुई और ना किसी मामले में न्याय हुआ। प्रत्येक मामलों में छोटे स्तर के कर्मचारी ही पकड़े गए जिन्हें कुछ महीनों बाद या एकाध वर्षों में जमानत मिल गई। सबसे पहले दाखिला परीक्षा कराने वाली एनटीए को उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर देना चाहिए। एनटीए का कार्य इसलिए भी अब संतोषजनक नहीं, क्योंकि वह पुराने तौर-तरीकों को अभी भी अपनाती है।अपने सिस्टम को रिफॉर्म भी नहीं करती। विश्व की प्रतिष्ठित भरोसेमंद परीक्षाओं से भी कुछ नहीं सीखती। इंटरनेट-कंप्यूटर के जमाने में भी प्रश्न पत्र मुद्रित करके परीक्षा केंद्रों पर



पहुंचाने में विश्वास करती है।अगर ऐसा ही करना है तो प्रश्नपत्रों के सेट बदले हुए और अलग-अलग होने चाहिए ताकि किसी तरह की गड़बड़ी की संभावनाएं न हो। अगर खुदा ना खास्ता कुछ हो भी, तो पूरी परीक्षा रद ना की जाए, सिर्फ उसी सेंटर पर दोबारा परीक्षा करवाई जाए, जहां कुछ गड़बड़ी हुई हो? अगर ऐसे आधुनिक तरीके अपनाए जाते तो परीक्षार्थियों के साथ खिलवाड़ न होता। केंद्र से लेकर राज्य सरकारें भी अच्छे से जानती हैं कि भारत में आयोजित होने वाली हर चौथी प्रतियोगी परीक्षा का पेपर का लीक होता है जिसमें पुलिस भर्ती और शिक्षा परीक्षाएं कुख्यात हैं। जबकि, नीट परीक्षा नौकरी या भर्ती की परीक्षा नहीं होती, मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित होती है उसमें भी सेंधमारी, हद है? गौरतलब है अगर पूर्ववर्ती पेपर लीक मामलों में सख्ती और स्वतंत्र-निष्पक्ष जांच हुई होती और आरोपियों के नाम सार्वजनिक किए गए होते और सजा के तौर पर उम्रकैद या मोटा हर्जाना वसूला गया होता, तो ऐसे कांड करने वाले भय खाते, डरते। भविष्य में गड़बड़ी करने से तौबा भी करते? लेकिन लचीला कानून-प्रशासन का उदार रवैया और कमजोर सजा-जुर्माने से आरोपी तनिक भी नहीं डरते। एक कांड करते हैं दूसरे की तैयारी में लगे होते हैं। फिलहाल मौजूदा नीट पेपर कांड पहला दोष तो परीक्षा कराने वाली संस्था 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी' यानी एनटीए का ही है। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की पात्रता परीक्षा नीट के सवाल लीक होने से पूरी परीक्षा रद्द करने की मजबूरी जितनी शर्मनाक है, उतनी ही चिंताजनक। एनटीए का गठन 2017 में हुआ, तब से लेकर आज तक इस संस्था की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रही। 5 मई 2024 को भी जब इसी नीट परीक्षा में गडबड़झाला हुआ और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। तब संस्था ने भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा न करने का आश्वासन न सिर्फ अदालत को दिया था बल्कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी भरोषा दिया था? पर, बेशर्मी देखिए मात्र 24 महीनों बाद भी उससे पहले से भी बड़ा कांड़ कर दिया। पिछली दफा इन्होंने कई छात्रों को पूरे-पूरे 720 नंबर दे डाले थे,जबकि वो सभी छात्र पढ़ने में सामान्य थे उनके मुकाबले टॉपरों को उनसे कहीं कम नंबर दिए गए थे। इस बार तो उससे भी बड़ा ब्लंडर हुआ। पेपर लीक की सूचना सबसे पहले राजस्थान से बाहर निकली। जहां, कई छात्रों के पास 140 से अधिक परीक्षा के मूल प्रश्नों से हूबहू प्रश्न गेस पेपरों में मिले। लीक प्रश्नों पर सबसे पहले एनटीए की ओर से सफाई दी गई कि प्रश्न प्रिटिंग प्रेस से लीक हुए। जबकि, सभी जानते हैं कि जहां पेपरों की छपाई होती है जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता। बेहद गुप्त स्थान होता है और वहां के कर्मचारियों को फोन तक रखने की इजाजत नहीं होती।

# संत हमारे आराध्य जिनकी सुरक्षा में कोताही बर्दाश्त नहीं

- जैन समाज ने मौन जलूस निकालकर किया प्रदर्शन, डीएम को सोपा ज्ञापन
- आर्यिका माता जी दुघर्टना मामले की हो उच्चस्तरीय जॉच



**ललितपुर।** जैन साधु-संतों की पदविहार के दौरान सुरक्षा को लेकर आज दिगम्बर जैन पंचायत के आव्हान पर हजारों की संख्या में जैन समाज के लोगों ने आक्रोश जताते हुए विशाल मौन जलूस निकालकर शासन प्रशासन को चेताया।भारी संख्या में सम्मिलित धर्मालुओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुचकर अपर जिलाधिकारी ललितपुर दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए मप्र के रीवा जिले में आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच की मांग की।

आज प्रात:काल शहर के सावरकर चोक स्थित पार्श्र्वनाथ जैन अटा मन्दिर पर जैन समाज के हजारों की संख्या में श्वेत बस्त्रो में पुरूष एव पीत वस्त्रों में महिला श्रद्धालु एकत्रित हुए जहा से अनुशासित ढंग से हाथो में तख्तियां लेकर जलूस के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यलय की ओर आगे बढ़े।तख्तियों के माध्यम से समाज के आक्रोश को जताते हुए न्याय की मांग को लेकर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रहे थे कि आखिर कब तक हमारे धार्मिक स्थल असुरक्षित रहेंगे और पद बिहार के दौरान होने वाली ऐसी घटनाएं होती रहेगी स्मरण रही की हाल ही में मध्य प्रदेश की रीवा जिला मुख्यालय पर सड़क दुर्घटना में जैन धर्म की प्रभावक आर्यिका श्रुतमति माता जी एवं आर्यिका उपशममति माता जी सड़क दुर्घटना में समाधिस्थ हुईं। उक्त घटना से सम्पूर्ण देश की जैन समाज मे आक्रोश है जैन साधु-संत पूर्णत: निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। ऐसे संतों के साथ लगातार बढ़ती दुर्घटनाएँ एवं हमले चिंताजनक विषय हैं। जैन समाज के अध्यक्ष डॉ अक्षय टडेया ने कहा रीवा में आर्यिका माताओ के साथ जो सड़क हादसा हुआ उसकी निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच एसआईटी कराई जाए एवं राष्टीय संत सुरक्षा नीति लागू की जाए।पदविहार में मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय,

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग,ट्रैफिक नियंत्रण,हाईवे एवं भीड़भाड़ क्षेत्रों में विशेष सावधानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ललितपुर जिले के ग्राम देवरान में हुई 11 मूर्ति चोरी हमारी धार्मिक आस्था पर हमला है जिसका अभी तक खुलासा नही हो पाया जिसपर कार्यवाही हेतु प्रशासन से आग्रह किया। महामंत्री आकाश जैन गैस ने कहा संत सुरक्षा केवल एक समाज का विषय नहीं, भारत की आध्यात्मिक विरासत की सुरक्षा का प्रश्न है।संतों के विरुद्ध अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखा जाए,प्रशासन एवं समाज के बीच समन्वय तंत्र बने। नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा जैन समाज सदैव शांति, अहिंसा, कानून और संवैधानिक मर्यादाओं में विश्वास रखता है। हमारा उद्देश्य किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना है।

# गढ़ी में नवनिर्मित अंतर्मना रत्नत्रय सदन का भव्य लोकार्पण संपन्न



**औरंगाबाद।** श्री सकल दिगम्बर जैन समाज, गढ़ी के लिए आज का दिन ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण रहा। समाज द्वारा नवनिर्मित अंतर्मना रत्नत्रय सदन का भव्य लोकार्पण परम पूज्य आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं मंगल आशीर्वाद में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान आदिनाथ के स्मरण एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजजन एवं चतुर्विध संघ के सदस्य उपस्थित रहे। नव निर्मित अंतर्मना रत्नत्रय सदन के लोकार्पण को समाज की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस भव्य आयोजन में संघस्थ मुनिराजों एवं आर्यिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपाध्याय सम्यमूर्ति पियूष सागरजी महाराज, मुनिश्री 108 सहज सागर जी, मुनिश्री 108 नवपद्मसागर जी, मुनिश्री 108 नेगमसागर जी, मुनिश्री 108 अप्रमतसागर जी, मुनिश्री 108 परिमलसागर जी, मुनिश्री 108 सामायिकसागर जी एवं मुनिश्री 108 अर्धसागर जी ओर क्षुल्लक श्री अन्वय सागरजी महाराज की विशेष उपस्थिति रही। आर्यिका संघ में आर्यिका 105 ज्ञानप्रभा माताजी, चारित्रप्रभा माताजी, पुण्यप्रभा माताजी, व्रतप्रभा माताजी, धर्मप्रभा माताजी, क्षुल्लिका वचनप्रभा माताजी, द्रव्यप्रभा माताजी, भावप्रभा माताजी, माताजी का मंगल सान्निध्य प्राप्त हुआ।

अपने मंगल प्रवचन में पूज्य आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा कि रत्नत्रय—सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र—ही आत्मकल्याण का आधार हैं।

# साधु सन्तों एवं जैन मंदिर की सुरक्षा पर राष्ट्रीय स्तर पर जैन समाज द्वारा सरकार से मांग करना होगी



**बड़नगर।** संपूर्ण भारत में एक साथ एक समय पर जैन संतो की सुरक्षा को लेकर मौन जुलूस एवं सरकार को ज्ञापन देने के आह्वान पर सकल जैन समाज बड़नगर के द्वारा भी किया गया।

विगत दिनों रीवा मध्यप्रदेश में हुई, जैन साध्वियों के साथ एक तेज गति से आ रही कार ने टक्कर मारी जिससे दोनों साध्वियों का आकस्मिक निधन (समाधि) हो गई। साधु-संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था, राष्टीय संत सुरक्षा नीति एवं आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच की माँग करते हुये, दिनांक 25/5/2026 सोमवार को प्रात: 8:30 बजे दिगंबर जैन तेरापंथी गोठ बड़ामंदिर से मौन जुलूस के साथ पुरुष वर्ग, महिला एवं बच्चे अपने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुवे नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुवे पुन: बड़े मंदिर पर पहुंचकर मोन जुलूस में सकल दिगम्बर जैन समाज, श्वेतांबर जैन समाज, महिला मंडल, राष्टीय स्वयं सेवकसंघ व प्रभात फेरी मंडल के सदस्य जन उपस्थित में बड़ा मंदिर पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या एवं थाना प्रभारी महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। बाद मे मन्दिर पर सकल जैन समाज के वरिष्ठ,अशोक शाह, मनोज बिलाला, धर्मेंद्र बिलाला, नवीन बिलाला, नवीन काला, राष्टीय स्वयं सेवक संघ के सांवरिया शर्मा, भाजपा जिला सदस्य श्याम शर्मा,वनिषराज कटारिया, विरेन्द्र राठोर, शेलू ओरा, राजेन्द्र जैन दगंवाडावाला, दिलीप राठोर, कपिल वेद, मनीष टोंग्या, अशोक गोधा, नरेंद्र कासलीवाल, रजत टोंग्या, नरेंद्र शाह, संजय पाटनी, अंकीत पाटौदी, महिला मंडल से रूपा शाह, मोना बाकलीवाल, संगीता कासलीवाल आदि, सभी समाजजन ने माताजी के संग घटी घटना की घोर निन्दा की।

# कोटा कलेक्टर का ज्ञापन लेने ना आना अहिंसक एवं मौन प्रदर्शन का अपमान: शशांक सिंघई व्याकरणाचार्य



**कोटा।** गत 20 मई को रीवा नगर में कार की टक्कर से दो जैन साध्वियों की समाधि हुई, दुर्घटना के सीसीटीवी फुटेज में इरादतन हत्या प्रतीत हो रही है, ऐसी वीभत्स दुर्घटना को देखकर भी जैन समाज द्वारा सम्पूर्ण भारत में मौन जुलूस के साथ विरोध दर्ज कराने तथा कार्यवाही में स्फूर्ति लाने हेतु 25 मई 2026, सोमवार प्रात: 09:30 बजे ज्ञापन देना निर्धारण हुआ।

सम्पूर्ण भारत के साथ हमारे कोटा नगर में भी सकल जैन समाज द्वारा भी अपना विरोध दर्ज करवाने हेतु सर्किट हाउस से कलेक्ट्रेट ऑफिस तक विशाल जन समूह के साथ मौन रैली निकालकर माननीय कलेक्टर महोदय को त्वरित कार्यवाही एवं साधुओं की सुरक्षा रूप मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय, माननीय लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने पहुंचे, ताकि पदविहार करने वाले साधुओं को पर्याप्त सुरक्षा मिले और भविष्य में इस तरह की अवांछनीय दुखद घटना न हो। कोटा कलेक्टर का दायित्व था कि ऐसे संवेदनशील समय में वे अपनी मुलायम कुर्सी को छोड़कर कुछ समय के लिए बाहर आकर, आए हुए जनसमुदाय को सांत्वना रूप आश्वासन रूप सम्बोधन देते, परन्तु ऐसा न हुआ। अगर कहीं उग्र प्रदर्शन चल रहा होता तो पूरा कारवां लेकर जाना पड़ता और कई दिनों तक फील्ड पर रहना पड़ता, परन्तु यहां तो शान्तिप्रियों द्वारा मौन एवं अहिंसक प्रदर्शन था शायद यही कारण रहा कि माननीय ने अपने कक्ष से बाहर आना उचित न समझा, माननीय का ऐसा व्यवहार यह इंगित करा रहा था।

# एक दिवसीय आध्यात्मिक शिविर का आयोजन 29 मई को



**बाकल,** जिला कटनी स्थित श्री कहान वीतराग जैन ज्ञान चेतना मंडल द्वारा एक दिवसीय विशाल आध्यात्मिक शिविर का आयोजन शुक्रवार, 29 मई 2026 को किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक शिविर में देश-विदेश में ख्याति प्राप्त विद्वान एवं संतजनों का सान्निध्य प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देश-विदेश में प्रसिद्ध विद्वान बाल ब्र. सुमतप्रकाश जी (खनियाधाना) अपने प्रेरणादायी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। साथ ही पं. राजेन्द्र कुमार जी जैन (जबलपुर), बाल ब्र. डॉ. मनोज जी (जबलपुर), बाल ब्र. श्रेणिक जी (जबलपुर), बाल ब्र. चर्चिल भैया जी (खनियाधाना), बाल ब्र. महेन्द्र भैया जी (इंदौर) की विशेष उपस्थिति रहेगी।

इस आयोजन की विस्तृत जानकारी जिनधर्म प्रचारक नितिन जैन द्वारा दी गई है।

इस आध्यात्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार, आत्मकल्याण एवं वीतरागता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। आयोजन समिति ने समस्त जैन समाज एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

# जैन आर्यिकाओं की दुर्घटना के विरोध में सकल जैन समाज नैला द्वारा निकाली गई आक्रोश रैली



**नैला।** रीवा मध्यप्रदेश में हुई जैन आर्यिकाओं की दुर्घटना के विरोध स्वरूप सकल जैन समाज नैला के तत्वाधान प्रात: अभिषेक शांतिधारा पूजन के पश्चात 8 बजे मौन जुलुश- आक्रोश रैली निकाली गई। मौन जुलुश जैन मंदिर नैला से प्रारंभ होकर स्टेशन चौक होते हुए मेंन रोड से अग्रसेन मार्ग होकर पंजाब नेशनल बैंक तक जाने के पश्चात वापस अहिंसा चौक पहुंची। अहिंसा चौक में ज्ञापन लेने हेतु पुलिस ,प्रशासनिक अधिकारियों में तहसीलदार साहब पहुंचे। जैन समाज नैला के अध्यक्ष सुशील जैन महिला मंडल अध्यक्ष निधि अजमेरा,नवयुवक मंडल अध्यक्ष धीरज अजमेरा तथा नैला जैन समाज के सभी सदस्यो ने तहसीलदार साहब को गृह मंत्री भारत शासन, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, जिला जांजगीर चांपा के जिलाध्यक्ष महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के नाम से ज्ञापन सौंप कर विरोध दर्ज कराया। उक्त घटना में कड़ी से कड़ी कार्यवाही हेतु मांग की गई साथ ही साथ भविष्य के लिए भी नियम बनाने हेतु आवेदन दिया गया। तहसीलदार ने ज्ञापन को आगे प्रेषित करने की जानकारी दी एवं यह भी कहा कि जब भी कोई साधु साध्वी हमारे जिले में आते हैं आप हमें सूचित कीजिएगा जिससे हम उचित सुरक्षा व्यवस्था प्रदान कर सके । सकल जैन समाज नैला द्वारा आयोजित मौन रैली में छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के मंत्री सुशील कुमार जैन, दिगम्बर जैन समाज नैला के सचिव श्री अमित अजमेरा, उपाध्यक्ष श्री विकास जैन, सुरेश खिलोसिया, दिनेश जैन,धीरज अजमेरा, गोविंद सोनी एवम् जैन महिला मंडल की सभी सदस्य, नवयुवक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में समाधिस्थ आर्यिका के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन



**जतारा।** रीवा नगर में दुर्घटना में समाधिस्थ आर्यिका श्रुत मति माताजी एवं उपशम मति माताजी की निष्पक्ष जांच एवं संपूर्ण भारतवर्ष में बिहार-रत साधुओं की सुरक्षा व्यवस्था, सरकार द्वारा सुनिश्चित की जाए, को लेकर जतारा जैन समाज द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, माननीय मुख्यमंत्री, माननीय कलेक्टर महोदय एवं माननीय जिला पुलिस अधीक्षक को तहसीलदार जतारा के माध्यम से ज्ञापन दिया गया ।

भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि दिनांक 20 मई 2026 को परम पूज्या आर्यिका सोम्य मति माताजी की संघस्थ आर्यिका द्वय श्रुत मति माताजी एवं उपशम मति माताजी रीवा नगर में प्रात: काल 5:40 पर सड़क के किनारे बिहार करती हुई जा रही थी कि अचानक से एक कार आई और इरादतन माताजी की तरफ मोड़कर दोनों माताजी को कुचल दिया जिससे श्रुत मति माताजी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष ने दमोह कलेक्टर को ज्ञापन सोंपा



**पटेरा कुण्डलपुर।** अहिंसा, करूणा और शांति का संदेश देने वाले निहत्थे पैदल पद विहारी जैन साधु संतों की सुरक्षा आज अत्यंत चिंताजनक विषय बन चुकी है ।लगातार हो रही दुर्घटनाओं और हमले पर अंकुश लगाने तथा राष्टीय संत सुरक्षा नीति बनाने ,विहाररत जैन साधु संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था एवं रीवा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से 13 फरवरी 2006 को कुण्डलपुर में दीक्षित 58आर्यिका माताजी में से आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका श्री उपशममति माताजी के साथ घटी अमानवीय घटना ने समस्त जैन समाज को झकझोर कर रख दिया है ,इस घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर पटेरा में शांतिपूर्ण मौन रैली निकालकर कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी, कुण्डलपुर स्टाफ, कुण्डलपुर ,पटेरा कुड़ई ,बमनपुरा ,कोटा आदि क्षेत्रीय सकल जैन समाज द्वारा पटेरा थाना पहुंचकर नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल को कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक सराफ सहित जैन समाज के प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सोंपा गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज जनों की उपस्थिति के बीच अशोक बड़कुल, ब्र. श्रद्धा दीदी, विनोद सराफ, राजेंद्र बजाज, महेश सेठ, महिला मंडल, बालिका मंडल पटेरा, कोमल जैन ,राकेश, रतनचंद, वीरेंद्र बड़कुल ,निर्मल कुमार, ताराचंद जैन, संतोष, शुभम ,राजू ,संदेश, अमित बड़कुल आदि कुण्डलपुर की उपस्थिति रही।

# सेनेटरी नेपकिन का वितरण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एक कदम स्वच्छता की ओर का अनुसरण करते हुए 25 मई, 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो), रायपुर मंडल की अध्यक्षा, श्रीमती शिखा सिंह, उपाध्यक्षा, श्रीमती अदिति अग्रवाल, सचिव, श्रीमती राशी गुप्ता, कोषाध्यक्षा, श्रीमती रितिका डूडी, सह सचिव श्रीमती अमृता शाह एवं सेक्रो के सदस्याएँ द्वारा इंदिरा नगर, डब्ल्यू. आर. एस. कॉलोनी, रायपुर मे 55 महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन का मुफ्त वितरण किया द्व इस अवसर पर सेक्रो अध्यक्षा श्रीमती शिखा सिंह ने महिलाओं को दैनिक जीवन मे स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की महत्वता से अवगत कराया।

# रीवा आर्यिका संघ सड़क दुर्घटना के विरोध में सकल जैन समाज का मौन जुलूस

**भोपाल।** रीवा मे आर्यिका संघ के साथ हुई सड़क दुर्घटना को लेकर सकल जैन समाजमें गहरा रोष हे, आज प्रदेश सहित देश में जैन समाज आंदोलन रत रही, इसके विरोध में भोपाल में सकल जैन समाज द्वारा विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकाला गया, चौक धर्मशाला में मुनि संभव सागर महाराज ने आशीष वचन में कहा संत केवल समाज के नहीं अपितु भारत की अमूल्य संपदा हे, देश में संत सुरक्षा प्रोटोकॉल तुरंत लागू होना चाहिए।



तत्पश्चात मौन जुलूस जैन समाज ने निकाला जो चौक मंदिर से सुभाष चौक सराफा लखेरापूरा होते हुए भवानी चौक सोमवारा पर आया यहां प्रशासन के कहने पर समाज जन सोमवारा पर रुक गए, ओर विरोध सभा में समाज के लोगो ने कहा आर्यिका उपशम मति माताजी आर्यिका श्रुत मति माताजी की रीवा में हुई सड़क दुर्घटना गहरी साजिश हे, ये दुर्घटना नहीं हत्या हे, देश के विभिन्न शहरों में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना में पैदल पद विहार कर रहे संतों को नुकसान हो रहा है, विरोध सभा में महिलाएं हाथों में तख्तियां लिए थी जिस पर लिखा था, तपस्वियों की रक्षा मानवता संयम और भारतीय संस्कृति की रक्षा हे। ,, निहत्थे संतो पर प्रहार मानवता पर प्रहार हे, प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया समाज द्वारा राष्ट्र पति प्रधान मंत्री प्रदेश मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन ए डी एम अधिकारी को दिया गया, , इस अवसर दिगंबर जैन श्वेतांबर जैन समाज सहित सभी मंदिरों समिति सामाजिक संगठन महिला संगठन के पदाधिकारी सहित सकल जैन समाज के लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रेत परिवहन और भंडारण पर बड़ी कार्रवाई, 2 टिप्पर और 2 ट्रैक्टर जब्त, अवैध भंडारण का भी प्रकरण दर्ज



**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफलगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 23 मई 2026 को खनि अधिकारी श्री शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम ने बस्तर और बडांजी क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई की। जांच के दौरान 2 टिप्पर और 2 ट्रैक्टर को अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। खनिज अमले ने वाहनों सहित रेत को जब्त कर पुलिस थाना बस्तर की अभिरक्षा में रखा है। वहीं ग्राम पालाबहार और बड़े आमाबाल क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण का एक प्रकरण भी दर्ज किया गया है। कार्रवाई में जिला खनिज जांच दल के सदस्य सहायक खनि अधिकारी श्री जागृत गायकवाड़, खनि निरीक्षक श्री अंकित पुरी, खनि सिपाही श्री डिकेश्वर खरे और कृष्णा उपस्थित रहे। खनिज विभाग ने बताया कि संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार जांच और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### खिलाड़ी बुक पर बिलासपुर पुलिस का बड़ा प्रहार, ऑनलाइन सट्टा गैंग से 22 लाख जब्त

**बिलासपुर।** मोबाइल की स्क्रीन पर चल रहा था करोड़ों के खेल का काला धंधा, लेकिन बिलासपुर पुलिस की रेड ने खिलाड़ी बुक के पूरे नेटवर्क को हिला दिया। मंगला इलाके में ऑनलाइन सट्टे का अड्डा बनाकर अलग-अलग खेलों पर दांव लगवा रहे सटोरियों को सिविल लाइन पुलिस ने दबोच लिया। कार्रवाई इतनी तगड़ी रही कि मौके से 13 लाख 48 हजार रुपये नगद, 27 एटीएम कार्ड, 5 मोबाइल फोन, एक टाटा कार और स्कूटी समेत कुल 22 लाख 63 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया गया। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि सट्टे की रकम अलग-अलग खातों और माध्यमों से आगे पहुंचाई जा रही थी। मामले में गिरफ्तार आरोपी संतोष जसवानी पिता स्वर्गीय हरिलाल जसवानी उम्र 34 वर्ष निवासी हेमुनगर तोरवा हाल मुकाम रोमन हाईट्स गंगानगर फेस-02 मंगला थाना सिविल लाइन बिलासपुर, करन श्रीवास पिता देवी प्रसाद श्रीवास उम्र 20 वर्ष निवासी पानी टंकी के पास नयापारा सिरगिट्टी बिलासपुर, आशीष जसवानी पिता अमेश उम्र 20 वर्ष निवासी बी.आर. हॉस्पिटल के पास बिलासपुर तथा एक विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एचडीएफसी बैंक के पास आरोपी मोबाइल फोन के जरिए खिलाड़ी बुक नामक ऑनलाइन पैनल से सट्टा संचालित कर रहे हैं। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस ने घेराबंदी कर रेड मारी और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर दिया। जांच में सामने आया कि आरोपी संतोष जसवानी सट्टे की रकम आशीष जसवानी के माध्यम से आगे पहुंचा रहा था।

# सरकारी कर्मचारी निजी एनजीओ के काम में व्यस्त, विभागीय कार्य प्रभावित

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले के कई सरकारी विभागों में पदस्थ कर्मचारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। आरोप है कि कुछ कर्मचारी अपने शासकीय दायित्वों की अनदेखी कर निजी एनजीओ और संस्थाओं के कार्यों में अधिक सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। इसका सीधा असर विभागीय कामकाज पर पड़ रहा है और आम जनता को समय पर सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं।

सूत्रों के मुताबिक कुछ कर्मचारियों ने सरकारी पद और प्रभाव का उपयोग कर निजी संस्थाओं के जरिए कमाई का जरिया बना लिया है। बताया जा रहा है कि उनका अधिकांश समय निजी बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सर्वे और फंडिंग गतिविधियों में बीत रहा है, जबकि विभागीय कार्य लंबित पड़े हुए हैं।

स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभागों में भी इसका असर दिखाई दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की फाइलें अटकी हुई हैं,




शिकायतों का निराकरण समय पर नहीं हो रहा और लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी संसाधनों और समय का दुरुपयोग कर निजी लाभ कमाया जा रहा है। नियमों के अनुसार कोई भी सरकारी कर्मचारी बिना अनुमति निजी संस्था या व्यवसायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी नहीं कर सकता। यदि कोई कर्मचारी सरकारी कार्य प्रभावित कर निजी लाभ के लिए एनजीओ संचालन में शामिल पाया जाता है तो यह सेवा नियमों का उल्लंघन माना जा सकता है।

अब क्षेत्र में यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी पूरे मामले पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं। लोगों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है ताकि सरकारी व्यवस्था पर जनता का भरोसा कायम रह सके।

## टॉपर छात्राओं का हुआ सम्मान, मेडल और मानस ग्रंथ भेंट




**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** मारुति ब्लॉक मानस संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में क्षेत्र की दसवीं और बारहवीं की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल, प्रतीक चिन्ह और रामचरित मानस ग्रंथ भेंट कर सम्मान दिया गया।

बारहवीं परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली कु. विद्या रानी साहू तथा दसवीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कु. युक्ति रानी साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसी तरह ब्लॉक मानस संघ अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा की पुत्री कु. लक्ष्मी सिन्हा को बारहवीं में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला मानस संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। ऐसे विद्यार्थियों का सम्मान अन्य छात्रों को भी प्रेरणा देता है।

सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में मानस संघ के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और महिला प्रकोष्ठ की सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना बताया गया।

## झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** देवभोग विश्राम गृह में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए नेताओं और जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया।

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि झीरम घाटी की घटना लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय है। इस हमले में कई वरिष्ठ नेताओं और सुरक्षाबलों के जवानों ने अपने प्राण न्यौछावर किए थे। उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि शहीदों का संघर्ष और जनसेवा के प्रति समर्पण आज भी लोगों को प्रेरित करता है। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और शहीदों के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान शहीद अमर रहें के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कबाड़ कारोबारियों पर पुलिस का बड़ा शिकंजा, 40 गोदाम सील

**बिलासपुर।** जिले में अवैध कबाड़ कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कबाड़ कारोबारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिलेभर में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अब तक 40 कबाड़ गोदामों को सील किया गया है। पुलिस द्वारा 49 कबाड़ियों की जांच की गई, जिनमें कई कारोबार संदिग्ध पाए गए। कार्रवाई के दौरान मस्तूरी क्षेत्र में कबाड़ से भरी एक गाड़ी भी जप्त की गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। इस अभियान के तहत 18 कबाड़ियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि कई कबाड़ी चोरी का सामान खरीदने और बेचने के नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं।

## खाद संकट पर भड़के किसान, चक्का जाम की चेतावनी

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** खरीफ सीजन से पहले खाद की कमी को लेकर क्षेत्र के किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने से परेशान छह गांवों के किसानों ने महाबैठक कर आंदोलन की चेतावनी दी है।

बैठक में किसानों ने कहा कि खेती के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाना चाहिए। किसानों की मांग है कि प्रति एकड़ तीन बोरी यूरिया, दो बोरी डीएपी, दो बोरी सुपर फॉस्फेट और एक बोरी पोटाश उपलब्ध कराया जाए ताकि खेती प्रभावित न हो।

किसानों का आरोप है कि वर्तमान में सहकारी समितियों से केवल 25 किलो डीएपी और एक बोरी यूरिया ही



दिया जा रहा है, जो खेती के लिए बेहद कम है। इससे धान उत्पादन प्रभावित होने और आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है।

बैठक में मौजूद किसानों ने सरकार और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि किसान खाद के लिए समितियों और दुकानों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। किसानों ने निर्णय लिया कि उनकी मांगों को लेकर कृषि विभाग को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जल्द पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो ग्राम पोड़ स्थित धान संग्रहण केंद्र के पास चक्का जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने कहा कि इसके लिए पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# मरवाही-पेंड्रा के जंगलों में घूम रहे रहस्यमयी दुर्लभ सफेद भालू का आतंक

■ आमाडांड-बसंतपुर क्षेत्र में ग्रामीण पर हमला, गांवों में दहशतज् वन विभाग अलर्ट पर

**बिलासपुर।** मरवाही वनमंडल के घने जंगलों में इन दिनों एक दुर्लभ सफेद स्लॉथ भालू की मौजूदगी ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। खोडरी रेंज के आमाडांड, बसंतपुर, नकमान और मरवाहीड्ढपेंड्रा क्षेत्र तक इस रहस्यमयी भालू की लगातार मूवमेंट देखी जा रही है। कभी जंगलों में तो कभी आबादी के बीच अचानक नजर आ रहे इस सफेद भालू ने ग्रामीणों के बीच भय और कौतूहल दोनों पैदा कर दिया है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब भालू ने एक ग्रामीण पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि वन विभाग ने हाई अलर्ट जारी करते हुए लोगों से जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की है। बताया जा रहा है कि आमाडांड गांव के कुछ ग्रामीण किसी काम से जंगल की ओर गए थे। इसी दौरान आमाडांड और बसंतपुर के बीच घने जंगल में उनका सामना अचानक सफेद भालू से हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ग्रामीण कुछ समझ पाते उससे पहले ही भालू ने आक्रामक होकर एक अधेड़ ग्रामीण पर हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण



गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय मौजूद अन्य ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए जोर-जोर से शोर मचाया और लाठियां पटकते हुए भालू को जंगल की ओर खदेड़ने में सफलता हासिल की। घायल ग्रामीण को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### गांव में घुसा सफेद भालू, तीन घरों तक पहुंचा आतंक

ग्रामीणों के मुताबिक यह दुर्लभ सफेद भालू केवल जंगलों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आबादी वाले क्षेत्रों में भी घुस आया। बताया जा रहा है कि भालू आमाडांड और बसंतपुर गांव के भीतर पहुंचकर तीन घरों के आसपास घूमता देखा गया। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे वह गांव के मुख्य चौक और बस स्टैंड के आसपास नजर आया, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान स्कूल के सामने रहने वाले कैलाश कुमार कासीपुरी पर भी भालू ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि कैलाश सुबह शौच के लिए घर से बाहर निकले थे, तभी अचानक भालू ने उन पर हमला बोल दिया। हमले में उनके बाएं हाथ में गंभीर चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भालू ने कई अन्य ग्रामीणों को भी दौड़ाया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। कई परिवारों ने सुबह होते ही अपने बच्चों को घरों से बाहर निकलने नहीं दिया।

### सोशल मीडिया में वायरल रहस्यमयी सफेद भालू

इलाके में सफेद भालू दिखाई देने की खबर जंगल की आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचने लगे। कई लोगों ने दूर से अपने मोबाइल कैमरों में भालू का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सफेद रंग का विशालकाय भालू जंगल और बस्ती के बीच घूमता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोग इसे बेहद दुर्लभ मान रहे हैं। वन विभाग के अनुसार यह संभवतः रंग परिवर्तन (पिगमेंटेशन की कमी) वाला स्लॉथ बियर हो सकता है।

### वन विभाग अलर्ट मोड पर, लगाए जाएंगे ट्रैप कैमरे

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम, डिप्टी रेंजर और वन अमला मौके पर पहुंच गया। पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। वन विभाग अब भालू की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ट्रैप कैमरे लगाने की तैयारी कर रहा है। मरवाही वनमंडल की डीएफओ ग्रीष्मी चांद ने बताया कि सफेद भालू अनाउंड, नकमान और बसंतपुर क्षेत्र से होते हुए मरवाही वनमंडल के कक्ष क्रमांक 2351 की ओर बढ़ रहा था। इसी दौरान उसने एक व्यक्ति पर हमला किया। घायल का प्राथमिक उपचार कराया गया है। विभाग लगातार निगरानी कर रहा है ताकि भालू दोबारा आबादी की ओर न लौटे। वहीं सीसीएफ मनोज पांडेय ने कहा कि वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में मौजूद है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। किसी भी जंगली जानवर के दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है।

# सुशासन तिहार 2026: जन समस्या निवारण शिविर में गूंजा नशा मुक्ति का संकल्प

- समाज कल्याण विभाग ने दिलाई नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ, ग्रामीणों ने स्वस्थ समाज निर्माण का लिया प्रण




**रायपुर (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिला सरगुजा के जनपद पंचायत लुण्ड्रा की ग्राम पंचायत बिल्हमा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर सामाजिक जागरूकता और जनसहभागिता का सशक्त मंच बनकर सामने आया। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ समाज को नशे की बुराइयों से मुक्त करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समाज कल्याण विभाग सरगुजा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उपस्थित लोगों ने शराब, तंबाकू एवं अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति, सामाजिक वातावरण और युवा पीढ़ी के भविष्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपने गांव को आदर्श नशामुक्त ग्राम बनाने में सहयोग करें।

शिविर के दौरान लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। युवाओं को खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि शासन द्वारा नशा पीड़ित व्यक्तियों के उपचार और पुनर्वास के लिए विभिन्न सहायता सेवाएं संचालित की जा रही हैं।

# सुविधा: तिरुपति-रक्सौल-तिरुपति साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित संचालन प्रारंभ

**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल संपर्क को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 17433/17434 तिरुपति-रक्सौल-तिरुपति साप्ताहिक एक्सप्रेस के नियमित संचालन का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन वर्तमान में संचालित विशेष ट्रेन संख्या 07051/07152 तिरुपति-रक्सौल-तिरुपति साप्ताहिक विशेष ट्रेन का नियमित रूप होगी।

ट्रेन संख्या 17433 तिरुपति-रक्सौल एक्सप्रेस दिनांक 01 जून 2026 से तिरुपति से प्रस्थान करेगी। वहीं ट्रेन संख्या 17434 रक्सौल-तिरुपति एक्सप्रेस दिनांक 04 जून 2026 से रक्सौल से संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 17433 तिरुपति-रक्सौल साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को दिनांक 01 जून 2026 से तिरुपति से प्रात: 08.15 बजे प्रस्थान कर रेणिगुंटा जंक्शन 08.36/08.38 बजे, कुडप्पा 10.18/10.20 बजे,



यर्रगुन्तला 10.53/10.55 बजे, ताडिपत्रि 11.53/11.55 बजे, गुंतकल जंक्शन 13.20/13.30 बजे, आदोनि 14.18/14.20 बजे, रायचूर 15.40/15.42 बजे, कृष्णा 16.08/16.18 बजे, विकाराबाद जंक्शन 19.38/19.40 बजे, लिंगमपल्ली 20.38/20.40 बजे, सिकंदराबाद जंक्शन 21.25/21.35 बजे, चर्लापल्ली 21.58/22.00 बजे, काजीपेट 23.28/23.30 बजे, पेद्दपल्ली 00.23/00.25 बजे, मंचिर्याल 00.59/01.00 बजे, सिरपुर कागजनगर 01.54/01.56 बजे, बल्हारशाह 03.50/04.00 बजे, चांदाफोर्ट 04.15/04.17 बजे, वडसा 05.53/05.55 बजे, गोंदिया जंक्शन 07.30/07.40 बजे, *दुर्ग 10.00/10.05 बजे, रायपुर जंक्शन 10.45/10.50 बजे, बिलासपुर जंक्शन 13.20/13.30 बजे,* झारसुगुड़ा जंक्शन 18.05/18.07 बजे, राउरकेला 19.40/19.48 बजे, हटिया 22.50/22.55 बजे, रांची 23.05/23.15 बजे, मुरी जंक्शन 00.35/00.40 बजे, बोकारो स्टील सिटी 01.40/01.50 बजे, चंद्रपुरा 02.21/02.23 बजे, धनबाद जंक्शन 03.43/03.50 बजे, बराकर 04.31/04.32 बजे, चित्तरंजन 05.02/05.04 बजे, मधुपुर जंक्शन 06.01/06.03 बजे, जसीडीह जंक्शन 06.39/06.41 बजे।

# सीजीबीएसई के मेधावी छात्रों को कलिंगा यूनिवर्सिटी ने किया सम्मानित




**रायपुर (विश्व परिवार)।** शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की अपनी निरंतर परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कलिंगा यूनिवर्सिटी, रायपुर द्वारा 23 मई 2026, शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में टॉपर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी 5.0 का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम CGBSE कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित किया गया।

पिछले चार वर्षों से कलिंगा यूनिवर्सिटी लगातार मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उनकी उपलब्धियों का सम्मान करने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। इस वर्ष समारोह के पांचवें संस्करण को और अधिक भव्य एवं प्रेरणादायक रूप में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, वहीं 150 से अधिक अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को और विशेष बना दिया। पूरे समारोह के दौरान विद्यार्थियों की मेहनत, उपलब्धियों एवं उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजीव कुमार, चेयरमैन, कलिंगा यूनिवर्सिटी रहे। कार्यक्रम में डॉ. मोनिका सेठी, प्रो वाइस चांसलर, कलिंगा यूनिवर्सिटी डॉ. संदीप गांधी, कुलसचिव की विशेष उपस्थिति रही।

# जैन समाज ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**बलौदा बाजार (विश्व परिवार)।** मध्यप्रदेश में रीवा जिले में विहार के दौरान आर्यिका माताजी के साथ हुई दु:खद घटना के विरोध एवं जैन संतों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज, बलौदा बाजार द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में जैन समाज ने मांग की कि जैन मुनिराज एवं आर्यिका माताजी के विहार मार्ग में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं वाहन गति सीमा सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री अशोक जैन, जैन समाज अध्यक्ष संदीप जैन पूर्व



जैन समाज अध्यक्ष श्री दिनेश जैन, जैन समाज सचिव श्री अनुराग जैन, जैन समाज कोषाध्यक्ष श्री धीरज जैन, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती नविता जैन, महिला मंडल पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ममता जैन सहित श्रीमती मनोरमा जैन, श्रीमती साधना जैन, श्रीमती नेहा जैन, श्री अनिल छाबड़ा, श्री नितिन जैन, श्री प्रवीण जैन एवं श्री ऋषभ जैन उपस्थित रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे एवं सभी ने जैन संतों की सुरक्षा हेतु प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की।

# खुले में मांस-मछली बेचने और गंदगी फैलाने वालों पर निगम की गाज

**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए निगम प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खुले में मांस, मछली का विक्रय करने वाले और दुकानों के आसपास गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई करते हुए अर्थदंड (जुर्माना) लगाया गया।

जोन-2 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में की गई इस कार्रवाई के तहत कुल 2,150 रुपये (इक्कीस सौ पचास रुपये मात्र) का जुर्माना वसूला गया।

वार्ड 27 से इन्दु देवी सब्जी दुकान (गंदगी फैलाने पर) 300 रुपए, वार्ड 28 से सानिया गंदगी फैलाने पर 50 रुपए, वार्ड 29 से अभय सिंह गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 30 लोकराम से गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 31 कविता अहिर गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 32 परस राम मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500रुपए, वार्ड 33 मो. शरीफ मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500 रुपए एवं वार्ड 34 मो. सलमान मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस तरह कुल 2150 रुपए का जुर्माना लगाया गया है ।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा आईआईटी गांधीनगर के साथ वमलकर ला रहा है हैकाथॉन 2026

**अहमदाबाद।** भारत का आंतरावष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, ववत्तीय सेवाएं ववभाग (डीएफ़एस) एवं भारतीय बैंक सांघ (आईबीए) के मागवदर्वन में आयोर्जत पीएसबी हैकाथॉन सीरीज़ 2026 के तहत, भारतीय प्रौद्योवगकी सांस्थान गाांधीनगर के साथ वमलकर %हैकाथॉन 2026% का ुभारांभ करने जा रहा है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने इस पहल के समन्वय के ललए अपने इनोवेर्न और एां टरप्रेन्योरर्र्प सेंटर (आईआईईसी) के माध्यम से आईआईटी गाांधीनगर के साथ एक समझौता ज्ञापन (रू्म) पर हस्ताक्षर ककए हैं। इस हैकाथॉन का लक्ष्य मौजूदा और पूवव ववद्यार्थियों के ललए एक खुला नवोन्मेषी प्लेटफॉमव प्रदान करना है, ताकक वे बैंकककां ग पररचालन और ववत्तीय सुववधाओां से जुडी चुनौवतयों के समाधान हेतु तकनीकी-आधाररत समाधान ववकर्सत कर सकें । हैकाथॉन श्रांखला के भाग के रूप में, बैंक इ्ढ्ढञ्ज गाांधीनगर के सहयोग से, साइबर सुरक्षा और धोखाधडी डोमेन के तहत सामने आने वाली महत्वपूर्व चुनौवतयों सांबांधी ववचारलर्का पर ध्यान कें दित करेगा, र्जसका ैषवक ्रआइडेंकटटी ट्रस्ट, प्रोटेक्शन एां ड सेफ़्टी होगा। इस गवतववर्ध का लक्ष्य एक ऐसा प्राइवेसी-फस्टव, जोखखम-आधाररत आइडेंकटटी ट्रस्ट फ्े मवकव तैयार करना है, जो कडर्जटल बैंकककां ग चैनलों पर लगातार ग्राहकों और उद्यमों की पहचान को प्रमालर्त करने में सक्षम हो।

# सड़क दुर्घटना में एक पैर गवां चुके मजदुर को सुशासन में मिला सहारा

**रिसाली (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रिसाली के सुशासन शिविर में सड़क दुर्घटना में एक पैर गवां चुके पुरैना के दिनेश साहू को सहारा मिला। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बैटरी चलित ट्राई सायकल प्रदान किया। दिनेश साहू एक वर्ष से ट्राई सायकल लेने कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। सोमवार को 20 वार्डों के लिए लगाए शिविर में कुल 763 आवेदन प्राप्त हुए।

दरअसल दिहाड़ी श्रमिक दिनेश हताश होकर पुरैना के शिविर में पहुंचा था। वहां उसने दिव्यांगता का हवाला देते हुए अपनी पीड़ा क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर व कलेक्टर अभिजीत सिंह के समक्ष रखा था। दिनेश साहू का कहना था कि वह



लगभग एक साल पहले सुबह-सुबह मजदुरी करने घर से निकला था। इसी बीच सिरसा गेट के निकट उसे हाइवा ने अपने चपेट में ले लिया। जब उसकी आँख खुली तो वह अस्पताल में था और दाहिना पैर गायब था। पूरे घर की जिम्मेदारी अपने कांधे पर उठाने वाला दिनेश टूट चुका था। जैसे तैसे जयपुर में निर्मित पैर लगाने के बाद वह हिम्मत से चलना शुरू किया। उसकी इच्छा थी कि अगर बैटरी चलित ट्राई सायकल की मदद से वह फिर से कुछ कर सकता है, किन्तु दस्तावेजों के अभाव की वजह से ट्राई सायकल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था।

# झीरम घाटी के शहीदों की 13वीं बरसी पर डीकेएस अस्पताल में विशाल भंडारा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** झीरम घाटी शहादत दिवस की 13वीं बरसी पर प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ द्वारा DKS सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, रायपुर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों मरीजों व परिजनों को भोजन कराकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा झीरम घाटी की घटना नक्सलियों की कायरता का परिचय है। घटना में शहीद हुए नेताओं व कार्यकर्ताओं की शहादत को सलाम है।

हम सभी शहीदों के पदचिन्हों पर चलकर देश, प्रदेश व जनता के हित में कार्य करेंगे वहीं शहीदों की कुर्बानी से बस्तर में शांति तो



लौटी, पर हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता अब भी बेनकाब होना बाकी हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस महासचिव कन्हैया अग्रवाल, असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष करण जी राज ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण सेन ,शहर जिला कांग्रेस महासचिव जावेद नकवी ,महासचिव शाहिद अशरफी , प्रकोष्ठ सचिव राजेश त्रिवेदी, मुकुंद कागदेलवार,शरद गुप्ता,शकर काका,अजय दास सत्री,तहसीन खान,मनीष दास,शिव पासवान,मोहम्मद इरफान, प्रदुम्न शर्मा,देवेंद्र पवार मुनेश गौतम ,हितेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए।

# दतरेंगा सुशासन तिहार: विधायक अनुज शर्मा ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, कहा– जनता की समस्याओं का समाधान ही सरकार की प्राथमिकता

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य में सुशासन तिहार-2026 का आयोजन किया जा रहा है जिसमे 01 मई से 10 जून तक समाधान शिविरो का आयोजन प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। जहाँ जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ ही छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से पहुँचाया जाएगा7 यह अभियान शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा। इसी कड़ी में आज रायपुर जिले के ग्राम



दतरेंगा में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया द्य जिसमें विधायक अनुज शर्मा व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और उपस्थित अधिकारियो को तत्काल उनके निराकरण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान विधायक अनुज शर्मा ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके अनुभवों और उन योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन के बारे में जाना तथा शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, गैस सिलेंडर, ड्राइविंग लाइसेंस, आयुर्वेदिक दवाईयां, कृषि बीज, आवास योजना तहत खुशियों की चाबी एवं महिलाओं को पोषण आहार और योजनाओं के तहत मिलने वाली सामग्रियों का वितरण कर विभागीय व स्वसहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में सुशासन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से प्रशासन अब सीधे जनता के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने, उसका निराकरण करने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पूर्ण पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है। यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम मंच है, जिससे विकास कार्यों में गति और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार लगातार सुशासन की स्थापना की दिशा में काम कर रही है। इस तिहार के माध्यम से सभी स्तरों पर जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करते हुए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। भाजपा सरकार का मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन सेवा और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

# 12 दिन में चौथी बार डीजल-पेट्रोल का दाम बढ़ाना जन विरोधी निर्णय - कांग्रेस

**रायपुर (विश्व परिवार)।** 12 दिन में तीसरी बार डीजल-पेट्रोल का दाम बढ़ाना जनता पर अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार डीजल-पेट्रोल का दाम लगातार बढ़ाते जा रही है। डीजल-पेट्रोल के दामों में 87 पैसे पेट्रोल और डीजल पर 91 पैसे की बढ़ोत्तरी की गयी है। इसके पहले दो बार बढ़ोत्तरी हुई थी। पहले 3.30 पैसे फिर 95 पैसे इस बार 2.61 पैसे तथा 2.71 की बढ़ोत्तरी की गयी। अभी तक 8.50 रू. से अधिक बढ़ाया जा चुका है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार डीजल-पेट्रोल के दाम में 20 रू. की बढ़ोत्तरी करना चाह रही। इसीलिए डीजल-पेट्रोल की कृत्रिम संकट पैदा की गयी है।

## भास्कर प्रसाद पाण्डेय का निधन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजीव नगर रायपुर निवासी भास्कर प्रसाद पाण्डेय 79 वर्ष का आकस्मिक निधन 23 मई को हो गया था, जिनका अंतिम संस्कार 24 मई रविवार को किया गया । वे अविनाश पांडेय के पिता थे।

### दंतैल हाथी ने ली ग्रामीण की जान, गांव में फैली दहशत

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** बलौदाबाजार जिले के बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में एक दंतैल हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, वहीं वन विभाग लगातार हाथी की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम दोंद निवासी जहरु राम नेताम रविवार रात करीब 9 बजे के बीच हाथी के हमले का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि दंतैल हाथी पिछले कई दिनों से मुरुमडीह क्षेत्र के आसपास घूम रहा था और खेत-खलिहानों की तरफ उसकी आवाजाही लगातार देखी जा रही थी।



**अवैध कालोनी, अवैध प्लाटिंग आदि पर कड़ी कार्यवाही करने विधायक के निर्देश**

# सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर पहुंचे विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे

- सुशासन तिहार में प्राप्त सभी जनसमस्याओं का निराकरण प्रशासनिक अधिकारियों का दायित्व हैः महापौर




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन कमांक 8 के अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड कमांक 1. पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड कमांक 19, रामकृष्ण परमहंस वार्ड कमांक 20. शहीद भगत सिंह वार्ड कमांक 21, माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69, संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के लिए सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर जोन क्रमांक 8 क्षेत्र अंतर्गत अगसेन भवन टाटीबंध में लगाया गया।

शिविर की व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण रायपुर पश्चिम विधायक एवं प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री श्री राजेश मूणत, नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौड, आयुक्त श्री संबित मिश्रा, जोन 8 जोन अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, पार्षद श्री भगत राम हरवंश, अमन सिंह ठाकुर, महेन्द्र औसर, अर्जुन यादव, पूर्व पार्षद श्रीमती कमलेश वर्मा, श्री वीरेन्द्र देवांगन, अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान सिंह राठौर, रायपुर पश्चिम पुलिस कमीशनरी एसएसपी श्री राहुल देव शर्मा, नगर निगम रायपुर के अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपडा, सहायक अभियंता श्री अमन चंद्राकर, उपअभियंता श्री अबरार खान, श्री लोचन चौहान जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोवीं चंद देवांगन सहित विभिन्न 15 से अधिक रायपुर जिले के शासकीय विभागों के सम्बंधित शासकीय कर्मचारियों एवं आमजनों की उपस्थिति में किया।

रायपुर पश्चिम विधायक एवं प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री श्री राजेश मूणत ने भीषण गर्मी की तपिश के मध्य महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा सहित सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर स्थल पर रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 सहित विभिन्न शासकीय विभागो द्वारा लगाये गये स्टॉलो की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया एवं वहाँ आमजनो से उनकी समस्याओं और मांगों को लेकर चर्चा कर जानकारी ली। रायपुर पश्चिम विधायक ने समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश स्टालों में दिये।

# खरीफ की तैयारी में किसानों को नहीं होगी परेशानीः मुख्यमंत्री

- सीएम विष्णु देव साय के निर्देश पर खेती-किसानी के लिए मिलेगा पर्याप्त डीजल
- ट्रैक्टरों से जुताई और सिंचाई पंपों के लिए किसानों को आवश्यकता अनुसार डीजल उपलब्ध कराने के निर्देश
- ड्रम और जरीकेन में डीजल वितरण पर प्रतिबंध में किसानों को दी गई छूट



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। राज्य में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खेतों की जुताई के लिए ट्रैक्टरों तथा सिंचाई पंपों हेतु किसानों को आवश्यकता अनुसार डीजल की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि खेती-किसानी के कार्य प्रभावित न हों। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और खरीफ सीजन की तैयारी में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने खाद्य विभाग, जिला प्रशासन तथा ऑयल कंपनियों को निर्देशित किया है कि किसानों को डीजल समय पर और बिना किसी कठिनाई के उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा है कि आगामी खरीफ सीजन में खेती के लिए किसानों को डीजल सुगमता से प्राप्त हो, इसका ध्यान सभी ऑयल कंपनी और जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से रखा जाये।उल्लेखनीय है कि खाद्य विभाग द्वारा 22 मई 2026 को जारी निर्देशानुसार पेट्रोल एवं डीजल के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से प्रदेश के 2516 पेट्रोल-डीजल पंपों से ड्रम एवं जरीकेन में ईंधन प्रदाय पर प्रतिबंध लगाया गया है।हालांकि किसानों की जरूरतों और खरीफ सीजन की तैयारियों को देखते हुए इस व्यवस्था में आवश्यक छूट प्रदान की गई है, ताकि खेतों की जुताई, बोवाई और सिंचाई कार्य बाधित न हों।खाद्य सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता पर्याप्त है। वर्तमान में प्रदेश में 4 करोड़ 03 लाख लीटर पेट्रोल तथा 5 करोड़ 55 लाख लीटर डीजल का स्टॉक उपलब्ध है।

## नगर पंचायत खरोरा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 विषय पर कार्यशाला आयोजित



**खरोरा ( विश्व परिवार )।** नगर पंचायत खरोरा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026- निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भूमिकाएं एवं दायित्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों, स्वच्छता संबंधी प्रावधानों एवं उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी प्रदान करना था।

कार्यशाला में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों, SWM Rules 2016 एवं SWM Rules 2026 के प्रमुख अंतर, अनिवार्य चार श्रेणी कचरा पृथक्करण, बल्क वेस्ट जनरेटर (BWG) की अवधारणा, डिजिटल पोर्टल के उपयोग, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण की शिक्षा, व्यापक जनजागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके अतिरिक्त वार्ड स्तर पर संचालित की जाने वाली स्वच्छता गतिविधियों, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रत्येक प्रक्रिया के महत्व, पुराने डंप साइटों एवं GVP क्षेत्रों की सफाई, वार्ड स्वच्छता समिति के गठन एवं नेतृत्व की भूमिका पर भी विशेष जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 एवं गार्बेज फ्री सिटी (GFC) स्टार रेटिंग में बेहतर प्रदर्शन हेतु निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

## सूरजपुर के विश्रामपुर थाने के सामने धरने पर बैठे पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सूरजपुर जिले के शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव को प्रभावित करने के लिये भाजपा सरकार ने कांग्रेस के चुनाव संचालक जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेन्द्र जैन के खिलाफ आर्म एक्ट का झूठा मुकदमा दर्ज किया है। इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज विश्रामपुर थाने के सामने कांग्रेसजनों के साथ धरने पर बैठे है। इस मामले को लेकर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य चुनाव आयुक्त से भी मिल कर दोषी थानेदार को निलंबित करने की मांग किया हैं।



कांग्रेस के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इस आंदोलन में शामिल होने कल सूरजपुर जा रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा को इस बात का अहसास हो गया है कि वह चुनाव हार रही है तो वह सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस इस कुचक्र का डटकर मुकाबला करेगी तथा हम भाजपा के अलोकतांत्रिक कदम का विरोध करते है। सूरजपुर के विश्रामपुर थाने के सामने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, जिला अध्यक्ष शशि सिंह सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण एवं कांग्रेस के कार्यकर्तागण धरने में बैठे हुये है।

## पूरे प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती से जनता परेशानः वंदना राजपूत

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि बिजली के साथ भाजपा सरकार आने के बाद जनता को पूरे 24 घंटे बिजली नहीं मिल रही है। पूरे प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती हो रही है। ढाई साल में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है।



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। मई माह में हर उपभोक्ता का बिजली बिल दो से तीन गुना ज्यादा आया है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी।

## भुनिया तालाब को स्वच्छ करने के लिए वार्ड वासियों ने लिया संकल्प



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर जोन क्रमांक 8 अंतर्गत वार्ड नंबर 2 कबीर नगर के पार्षद भगत राम हरबंस की नेतृत्व में भुनिया तालाब को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का नगर निगम अधिकारियों से लेकर वार्ड वासियों तक श्रमदान कर स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की परिकल्पना को लेकर इस अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 2 में जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल से लेकर जोन कर्मचारी, पार्षद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं वार्ड वासियों ने मिलकर सफाई अभियान का जो संकल्प लिया है उसमें आज ग्रीन आर्मी भी सहयोग करने उतर आई है देखते-देखते हजारों की संख्या में लोग श्रमदान करते नजर आए एक और जहां वार्ड में पानी की किल्लत है।

## आजाद हिन्द एक्सप्रेस का परिचालन होगा प्रभावित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** अधोसंरचना विकास हेतु मध्य रेलवे के पुणे मंडल के दौंड-मनमाड सेक्शन में विसापुर-राँजणगांव रोड-सारोला स्टेशनों के मध्य में दोहरीकरण लाइन कनेक्टीविटी हेतु प्री-एनआई व एनआई का कार्य किया जा रहा है । इसके फलस्वरूप दिनांक 26 व 28 मई 2026 को हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मनमाड-नासिक रोड-कल्याण-पनवेल-कर्जत-लोनावला होकर पुणे जायेगी ।



**बसना के अरेकेल चौक पर गूंजा महामंत्र**

## अष्ट प्रहरी हरिनाम संकीर्तन में पहुंचे विधायक डॉ. संपत अग्रवाल

**बसना (विश्व परिवार)।** अध्यात्म और भक्ति की पावन त्रिवेणी में सराबोर होकर बसना का अरेकेल चौक इन दिनों साक्षात गोकुल धाम और अयोध्या नगरी के रूप में परिवर्तित हो गया है। यहाँ श्रीवास्तव परिवार द्वारा आयोजित अष्ट प्रहरी हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ ने संपूर्ण क्षेत्र के वातावरण को अलौकिक और दिव्य बना दिया। इस भव्य और श्रद्धापूर्ण अनुष्ठान में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल सम्मिलित हुए।



अष्ट प्रहरी हरिनाम संकीर्तन के महायज्ञ में पहुंचे विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सर्वप्रथम प्रभु के विग्रहों के सम्मुख नतमस्तक होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जहाँ अखंड हरिनाम संकीर्तन होता है, वहाँ साक्षात भगवान विष्णु का वास होता है। इसी भाव को आत्मसात करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने प्रभु श्री राम और श्री कृष्ण के पावन नाम संकीर्तन का पुण्य लाभ प्राप्त किया और संपूर्ण क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य तथा मंगल की कामना की।

यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल भक्तों के साथ एकाकार हो गए। उन्होंने करबद्ध होकर और पूरी तन्मयता के साथ कलयुग के तारणहार महामंत्र का जाप किया। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे

श्रीमद्भागवत पुराण की तर्ज पर इस अद्भुत दृश्य को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो देवलोक से देवता भी इस संकीर्तन रस का पान करने धरती पर उतर आए हों। इस पावन अवसर पर श्रीवास्तव परिवार द्वारा किए गए इस महान धार्मिक प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि यह अष्ट प्रहरी हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह हमारी आत्मा को शुद्ध करने और समाज में समरसता का संचार करने का दिव्य माध्यम है। श्रीवास्तव परिवार ने इस महायज्ञ का आयोजन कर पूरे बसना क्षेत्र को पुण्यमयी बना दिया है।

**टकराव | बिजली सब स्टेशन का ग्रामीण कर रहे हैं विरोध**

# रायपुर के कन्हेरा गांव में बिजली सब स्टेशन का विरोध, विधायक का ग्रामीणों को मिला समर्थन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से एक बड़ी घटना सामने आई है। कन्हेरा गांव में प्रस्तावित बिजली सबस्टेशन के लिए किए जा रहे भूमि अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति देखने को मिली। जानकारी के अनुसार, बीते दिनों कन्हेरा गांव के निवासी लंबे समय से इस भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन उनकी सहमति के बिना ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है। इसी बात को लेकर गांव में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही थी। विरोध के चलते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। गाँव के सरपंच ने चर्चा करते वक्त कहा कि प्रशासन चाहे इसे अपनी जमीन माने, लेकिन उनका परिवार इसी जमीन पर निर्भर है और इसी से उनका जीवन-यापन चलता है। उन्होंने दावा किया कि यह जमीन उनकी पुश्तैनी है, जो उन्हें पूर्वजों से मिली हुई है, इसलिए वे इसे छोड़ने के पक्ष में नहीं हैं। साथ ही विधायक अनुज शर्मा का ध्यानवाद करते हुए कहा की उनका समर्थन ग्रामीणों के साथ है।



ग्राम पंचायत कन्हेरा (विकासखंड धरसींवा, जिला रायपुर) की ओर से सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा 8 जनवरी 2025 को तत्कालीन जिला कलेक्टर को एक पत्र सौंपा गया था। इस पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि ग्राम पंचायत की खसरा नंबर 372/1 (रकबा 8.3236 हेक्टेयर) चरागाह भूमि पर बिजली विभाग द्वारा सब स्टेशन निर्माण के लिए बार-बार प्रयास किया जा रहा है, जिसका ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। पत्र में आरोप लगाया गया था कि विरोध के बावजूद सीमांकन की प्रक्रिया जबरदस्ती की जा रही है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी कहा था कि यह भूमि निस्तार एवं मुक्तिधाम के रूप में उपयोग की जाती है और गांव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।




RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354